संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 16 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 104 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने शराब घोटाला मामाले में समन भेजा गया है। इसके बाद केजरीवाल सामने आए केंद्र सरकार पर जमकर बरसें।

## अतीक और अशरफ की गोली मारकर हत्या

### कॉल्विन अस्पताल में मेडिकल टेस्ट के लिए ले जाते वक्त हमलावरों ने मारी गोली

**सरेआम हत्या**

= **हत्या के बाद तीनों हमलावरों ने सरेंडर कर दिया है। यूपी पुलिस अभी इस मामले पर कुछ भी कह नहीं रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**माफिया** अतीक और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हत्या कर दी गई है। जब पुलिस अतीक को लेकर कॉल्विन अस्पताल में मेडिकल टेस्ट के लिए ले जा रही थी, तभी तीन लोगों ने पुलिस की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में अतीक और अशरफ की मौत हो गई। हत्या के बाद तीनों हमलावरों ने सरेंडर कर दिया है। हालांकि यूपी पुलिस अभी इस मामले पर कुछ भी कह नहीं रही है।

**माफिया को पीछे से मारी गई गोली**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, माफिया अतीक और अशरफ को पुलिस मेडिकल के लिए ले गई। उसी वक्त अचानक से दो-तीन लोगों ने अतीक और उसके भाई के ऊपर गोलियां दाग दी। इस गोलीकांड में अतीक और अशरफ दोनों की ही मौत हो गई। बता दें कि माफिया को पीछे से गोली मारी गई है। करीब दस राउंड फायरिंग हुई। इस बीच सिपाही भी घायल हो गया।



**अतीक-अशरफ को कसारी-मसारी ले गई थी पुलिस**

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

माफिया अतीक अहमद और अशरफ की शनिवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से कुछ देर पहले दोनों को प्रयागराज पुलिस कसारी मसारी इलाके में लेकर गई थी। यहां अतीक की निशानदेही पर एक खंडहर से 2 विदेशी पिस्टल और लगभग 58 कारतूस बरामद किए गए। इनमें से कुछ कारतूस पाकिस्तान के बताए जा रहे हैं। पुलिस उसकी छानबीन कर रही है।

**23 घंटे तक हो चुकी है पूछताछः** अतीक अहमद और अशरफ से यूपी एटीएस और प्रयागराज पुलिस ने 23 घंटे पूछताछ की थी। दोनों से करीब 200 सवाल पूछे गए थे। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान अतीक ने कबूला था कि वह पाकिस्तान से हथियार की सप्लाई लेता रहा है।

**गुरुवार को झांसी में हुआ था अतीक के बेटे का एनकाउंटर, शनिवार सुबह दफनाया गया**

माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम का गुरुवार दोपहर साढ़े 12 से एक बजे के बीच झांसी में एनकाउंटर हुआ था। यूपी एसटीएफ ने बताया कि उमेश पाल हत्याकांड के शूटर्स की लोकेशन मिलने के बाद एसटीएफ की एक टीम बुधवार को झांसी पहुंची थी। एसटीएफ को शुरूआती जानकारी गुड्डू मुस्लिम के छिपे होने की मिली थी। बाद में सोर्स ने असद और शूटर गुलाम के भी झांसी में चिरगांव के पास होने की जानकारी दी। हालांकि गुड्डू मुस्लिम तो एसटीएफ के हाथ नहीं लगा, लेकिन असद और गुलाम एसटीएफ के हत्थे चढ़ गए। असद और गुलाम की लोकेशन मिलने के बाद एसटीएफ दोनों को जिंदा पकड़ना चाहती थी, लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी।

एसटीएफ की जवाबी फायरिंग में दोनों मारे गए। असद को दो, जबकि गुलाम को एक गोली लगी। शनिवार सुबह 10 बजे असद को प्रयागराज के कब्रिस्तान में दफनाया गया

## प्रलय मिसाइल से बढ़ेगा सेना का रॉकेट फोर्स

### 7500 करोड़ की लागत से बनेंगी 2 यूनिट; वायुसेना के लिए एक यूनिट पहले ही मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया**/नई दिल्ली

**देश** की उत्तरी सीमाओं पर बढ़ते खतरे से निपटने के लिए भारतीय सेनाएं मजबूत रॉकेट फोर्स बना रही हैं। इसी कड़ी में डिफेंस फोर्सेस, 250 प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल के लिए दो और यूनिट बनाने का ऑर्डर देने को तैयार हैं। इसकी लागत 7500 करोड़ रुपए से ज्यादा होगी। पिछले साल दिसंबर में रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के लिए प्रलय मिसाइल की एक यूनिट को मंजूरी दी है।

**तीनों सेनाओं के लिए बनाया जा रहा है रॉकेट फोर्सः** एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा बलों के लिए प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों की दो और यूनिट का अधिग्रहण किया जा रहा है। जिससे तीनों सेनाओं के लिए रॉकेट फोर्स और संपत्ति बनाने की दिशा में बढ़ा कदम है। दूसरी तरफ, आर्मी के लिए इन मिसाइलों की खरीद का प्रस्ताव अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है।



**मेक इन इंडिया**

= **रक्षा बलों के लिए प्रलय बैक्षा बलों के लिए प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों की दो और यूनिट का अधिग्रहण किया जा रहा है**

**150 से 500 किमी तक सटीक मार कर सकती है**

प्रलय मिसाइल 150 से 500 किलोमीटर तक अपने टारगेट को निशाना बना सकती है। हवा में एक निश्चित सीमा तय करने के बाद अपना रास्ता बदलने की क्षमता रखती है। प्रलय की गति का खुलासा नहीं किया है, लेकिन अनुमान के मुताबिक इसकी गति 2000 किमी प्रति घंटा हो सकती है।

## पवार की पार्टी कर्नाटक में 45 सीटों पर लड़ेगी




टीम एक्शन इंडिया/बंगलुरू

**कर्नाटक** चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बीच कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। शरद पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक चुनाव लड़ने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद पवार का कहना है कि राज्य की 224 विधानसभा सीटों में से 40-45 सीटों पर उनकी पार्टी चुनाव लड़ेगी।

नेशनल पार्टी का दर्जा पाने के लिए चुनाव का ऐलानः कर्नाटक में चुनाव लड़ने का फैसला एनसीपी ने नेशनल पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए ऐसा कदम उठा रही है। इसे लेकर एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हमें वापस नेशनल पार्टी का दर्जा पाने के लिए जरूरी कदम उठाने होंगे।

## श्रद्धा मर्डर केसः आफताब के खिलाफ आरोपों पर बहस खत्म



**नई दिल्ली**: दिल्ली की साकेत कोर्ट ने श्रद्धा मर्डर केस में मुख्य आरोपी आफताब पूनावाला के खिलाफ आरोप तय करने का फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। इस बीच, श्रद्धा के पिता विकास ने अंतिम संस्कार करने के लिए श्रद्धा के अवशेषों को जारी करने के लिए भी कोर्ट में अपील की। इस पर दिल्ली पुलिस 29 अप्रैल को ही जवाब दाखिल करेगी। उधर, दिल्ली के जिस घर में श्रद्धा की हत्या की गई थी। उस घर के मालिक ने भी घर पर लगी सील हटाने की मांग की है। पिछले साल 18 मई को लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर का गला घोंटने और उसके 35 टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ शनिवार को साकेत कोर्ट में सुनवाई हुई।

## गुजरातः आप पार्षद बीजेपी में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/सूरत**

**गुजरात** में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा। गुजरात के सूरत शहर में आम आदमी पार्टी (आप) को झटका देते हुए स्थानीय निकाय में उसके छह पार्षद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। इन पार्षदों ने गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी की मौजूदगी में शुक्रवार देर रात भाजपा का दामन थाम लिया था। फरवरी 2021 में सूरत नगर निगम चुनाव में आप' ने शानदार प्रदर्शन किया था और 120 सदस्यीय नगर निगम में 27 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी दल बनी थी। भाजपा को 93 सीटें हासिल हुई थीं, जबकि कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल पाया था। इससे पहले, 'आप' के पांच पार्षद फरवरी 2022 में भाजपा में शामिल हो गए थे, लेकिन उनमें से एक पार्टी में लौट आया था।

## शाहजहांपुरः ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में गिरी, 13 की मौत

**शाहजहांपुरः** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के तिलहर निगोही रोड पर शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल से नीचे गिर गई। डीएम ने हादसे में 13 लोगों की मौत की पुष्टि की है। ट्रॉली में 30 से 35 लोग सवार थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली रटा पुल से रेलिंग तोड़ती हुई नदी में गिरी। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ पुलिस पहुंच गई है। ग्राम सनौरा के लोग गांव में भागवत कथा के लिए जल लेने जा रहे थे। एसपी एस आनंद के मुताबिक हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी सीएचसी भेजा गया है। जिला अस्पताल को भी अलर्ट किया गया। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया।

## मोतिहारीः जहरीली शराब से 16 लोगों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मोतिहारी**

**बिहार के** पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब से 16 लोगों की मौत हो गई। कई की हालत गंभीर है। सभी का मोतिहारी और मुजफ्फरपुर के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जिले के 6 गांवों के लोगों ने अलग-अलग जगहों पर गुरुवार को शराब पी थी। रात से सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। अगले दिन एक-एक कर मौत होनी शुरू हो गई। शनिवार तक 16 लोगों ने दम तोड़ दिया। इस मामले में जांच करने के लिए पटना से एक स्पेशल टीम मोतिहारी जा रही है।



इसमें 5 पुलिस अफसर शामिल हैं।

वहीं जिले के डीएम-एसपीका कहना है कि डायरिया-फूड पॉइजनिंग से मौतें हुई हैं। इस घटना पर सीम नीतीश कुमार ने कहा- घटना दुखद है। लोगों को गलत काम नहीं करना चाहिए। बार-बार बताया जाता है।

## 25 विशेषज्ञ-16 सीबीएसई टीचर्स की सलाह से बदला एनसीईआरटी सिलेबस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नेशनल** काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने इतिहास, नागरिक शास्त्र, राजनीति विज्ञान और हिन्दी की किताबों से कई चैप्टर और जानकारियां हटा दी हैं। इसमें मुगलों, महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे, 2002 के गुजरात दंगे, इमरजेंसी, शीतयुद्ध और नक्सली आंदोलन से जुड़े फैक्ट शामिल हैं। सरकार के इस फैसले का विपक्ष ने विरोध किया है। विपक्ष का आरोप है कि केंद्र सरकार बदले की भावना से किताबों में दिए गए ऐतिहासिक तथ्यों की लीपापोती कर रही है। विपक्ष के आरोपों के बाद शिक्षा मंत्रालय शनिवार को कहा है कि 25 एक्सपर्ट्स और सीबीएसई के 16 टीचर्स की सलाह के बाद ही सिलेबस को रैशनलाइज (युक्तिसंगत) बनाया है। जो हटाया है, उसे वापस नहीं लाएंगे। पिछले साल 18 जुलाई 2022 को लोकसभा में सांसद मोहम्मद फैजल ने एनसीईआरटी सिलेबस में बदलाव से जुड़ा सवाल पूछा था। इसके जवाब में ही पता चला कि शिक्षा मंत्रालय ने बकायदा इसके लिए एक्सपर्ट नियुक्त किए थे, जिन्होंने सिलेबस में बदलाव की सलाह दी।

**बदलाव**

= **25 एक्सपट्र्स और सीबीएसई के 16 टीचर्स की सलाह के बाद ही सिलेबस को रैशनलाइज (युक्तिसंगत) बनाया है। जो हटाया है, उसे वापस नहीं लाएंगे**

## अतीक के बेटे असद को दफनाया

**टीम एक्शन इंडिय/प्रयागराज/झांसी**

**माफिया** अतीक अहमद के बेटे असद को शनिवार सुबह 10 बजे प्रयागराज के कब्रिस्तान में दफना दिया गया। असद के नाना हामिद अली समेत 20-25 रिश्तेदारों को ही कब्रिस्तान में पुलिस ने जाने दिया। अतीक बेटे के जनाजे में शामिल नहीं हो पाया। सुपुर्द-ए-खाक की रस्म के दौरान कसारी-मसारी कब्रिस्तान की ड्रोन से निगरानी की गई। पुलिस की सुरक्षा की भी सख्त थी। सुबह 9.30 बजे असद और गुलाम के शवों को झांसी से प्रयागराज लाया गया। असद की बॉडी को अतीक के घर की जगह सीधा कसारी-मसारी कब्रिस्तान ले जाया गया। वहीं, गुलाम के शव को प्रयागराज के ही मेहदौरी कब्रिस्तान ले जाया गया। वहां सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अतीक के रिश्तेदारों को कसारी-मसारी कब्रिस्तान पुलिस खुद अपनी गाड़ी से लेकर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों को कब्रिस्तान से करीब 200 मीटर दूर रोक दिया। मीडिया को भी एंट्री नहीं दी गई।



## कोरोना के एक्टिव केस 50 हजार पार

**नई दिल्लीः** देश में कोरोना के एक्टिव केस 50 हजार का आंकड़ा पार कर चुका है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 10,753 नए केस दर्ज किए गए हैं, जबकि 27 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस बढ़कर 53,720 हो गए। इससे पहले पिछले साल 4 सितंबर को 50 हजार से ज्यादा एक्टिव केस दर्ज किए गए थे। पिछले 14 दिन यानी 1 से 14 अप्रैल तक देश में 89 हजार लोग संक्रमित हो चुके हैं। एक दिन पहले यानी गुरुवार को संक्रमण के 11 हजार 109 मामले सामने आए थे, जबकि 29 लोगों की मौत हुई थी।

**राष्ट्रीय ध्वज फहराया** | **कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा**

## सीएम ने राज्यस्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**संपूर्ण** प्रदेश में 76वां हिमाचल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। लाहौल स्पीति के काजा में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। आकर्षक परेड में पुलिस, होमगार्ड, ट्रैफिक पुलिस, आईआरबी, एनसीसी कैडेट, आईटीबीपी और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की टुकडियों ने भाग लिया। परेड कमांडर अमित यादव ने मार्च पास्ट का नेतृत्व किया। प्रदेश के गठन के बाद जनजातीय क्षेत्र में लगभग 12000 फुट की ऊंचाई पर स्थित काजा में राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह पहली बार आयोजित किया गया। इस अवसर पर संबोधन में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की बधाई देते हुए राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ.यशवंत सिंह परमार तथा हिमाचल प्रदेश को विशेष पहचान और पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए अथक प्रयास करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की। इसे 31 प्रतिशत से बढ़ाकर 34 प्रतिशत किया गया है। इस निर्णय से राज्य के लगभग 2.15 लाख कर्मचारी और 1.90 लाख पेंशनधारक लाभान्वित होंगे। इससे राजकोष पर लगभग 500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने दूसरे चरण में, जून 2023 से स्पीति घाटी की 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी 9000 महिलाओं को 1500 रुपये की मासिक पेंशन और काजा में एक महाविद्यालय और 50 बिस्तर क्षमता के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कार्यशील करने की भी घोषणा की।






# वैल्यू कट और लस्टर लॉस की भरपाई करेगी सरकार: डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/रोहतक**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गेहूं की फसल की वैल्यू कट और लस्टर लॉस की भरपाई प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी और किसानों को इसका नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है ताकि किसानों को अपनी फसल की बिक्री करने में कोई असुविधा न हो। वे शनिवार को रोहतक की नई अनाज मंडी में फसल खरीद प्रक्रिया का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से रूबरू थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अनाज मंडी में गेहूं खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी उपायुक्तों के साथ गेहूं खरीद के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई है। दुष्यंत



चौटाला ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम द्वारा साइलो के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस खरीद एजेंसी को निर्देश दिए गए है कि वे समय पर गेहूं की खरीद का कार्य निपटाने के लिए साइलो पर अतिरिक्त कर्मी तैनात करें। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मंडियों व खरीद केंद्रों से गेहूं उठान के भी सभी प्रबंध किए गए है और भुगतान प्रक्रिया भी दुरुस्त की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी सोमवार से भुगतान पूरी तरह सुधार होगा। अभी तक प्रदेश की मंडियों व खरीद केंद्रों में एक तिहाई गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें से 80 प्रतिशत गेहूं का उठान करवाया जा चुका है और जल्द शेष 20 प्रतिशत गेहूं का उठान भी करवा लिया जाएगा।डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसानों को अपनी फसल की बिक्री के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि गोदाम की अपेक्षा साइलो में लम्बे समय तक अनाज सुरक्षित रहता है और आवश्यकतानुसार आसानी से अनाज को बोगियों के माध्यम से दूसरे स्थान पर भेजा जा सकता है

## किसान के मुआवजे को लेकर एक्शन मोड में नजर आए डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शनिवार को रोहतक में एक किसान का मुआवजा दिलवाने के लिए एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंक और बीमा कम्पनी की गलती की वजह से किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

दुष्यंत चौटाला गांव चिड़ी निवासी नरेंद्र सिंह की योजना के तहत बीमा करवाने के बाद फसल खराब होने पर मुआवजा राशि न दिए जाने संबंधित शिकायत पर जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने बैंक व बीमा कम्पनी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे आगामी बैठक तक प्रभावित किसान को ब्याज सहित मुआवजा राशि प्रदान करें। बैठक में शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में फसल बीमा का प्रीमियम काटने के बावजूद जलभराव से फसल खराब होने की एवज में अभी तक मुआवजा राशि न देने की बात कही थी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बीमित किसान के साथ पूरा न्याय किया जाएगा।

# मई माह में मिलेगा खराब फसल का मुआवजा: जेपी दलाल

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**
**हरियाणा के** कृषि मंत्री जेपी दलाल शनिवार को रेवाड़ी अनाज मंडी पहुँचे। जहां मार्केटिंग कमेटी कार्यालय में उन्होने अधिकारियों के साथ बैठक की और खरीद प्रक्रिया सबन्धित जानकारी ली। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि इस बार मौसम खराब होने के कारण आवक देरी से मंडी में आ रही है। बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसल की गिरदावरी सरकार ने करा ली है। मई माह में किसानों को खराब फसल का मुआवजा जारी कर दिया जायेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि आज भी उन्होंने प्रदेश की आधा दर्जनभर अनाज मंडियों का जायजा लिया है। फिलहाल किसी तरह की दिक्कत किसानों को नहीं है। उन्होने कहा कि मंडी में आवक कम आ रही है, इसलिए उठान की समस्या भी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी फसल के



खरीद कार्य में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ई खरीद पोर्टल के माध्यम से मंडियों में खरीद की जा रही है। जे फार्म कटने के बाद 72 घंटे में किसानों को बेची हुई फसल की पेमेंट की जा रही है। किसानों को पेमेंट करने की इस तरह की बेहतरीन स्कीम शुरू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। अगर कहीं से भी किसानों को परेशान करने की सूचना मिलेगी तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंडियों में उठान कार्य भी 48 घंटे के दौरान करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही की गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गांव सिवाह में नये बस अड्डे के साथ लगती मैन गली को नहीं होने देंगे बंद: खुशदील

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत श**हर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिये गांव सिवाह में नया बस अड्डा बनाया जा रहा है। नया बस अड्डा लगभग बन कर तैयार भी हो चुका है लेकिन नये बस अड्डे के गेट के ले आउट प्लान को लेकर गांव सिवाह की साथ लगती मैन गली को रोडवेज विभाग द्वारा बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। गांव की मैन गली यानि फिरनी को बंद करने के प्रयासों का ग्रामीणों ने शनिवार को कडा विरोध किया है और कहा कि गांव की फिरनी को किसी भी हालत में बंद नहीं करने दिया जाएगा। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही रोडवेज के पानीपत डिपो के अधिकारियों ने नये बस अड्डे की भूमि की पैमाइश करवायी थी तो बस अड्डे की दीवार के साथ लगती करीब 74 फीट जमीन नये बस अड्डे के रिकार्ड में ही मिली है और इस 74 फीट जमीन में गांव की मैन गली है व इसके साथ लगते ही कुछ दुकानें भी बनी हुई है। इसी गली में थोड़ा से आगे चलते ही गांव का श्मशान भी है। रोडवेज का पानीपत डिपो प्रबंधन अब इस गली को बंद करके बस अड्डे की भूमि में ही मिलाना चाहता है। ग्रामीणों ने शनिवार को गली को



बंद करने के प्रयासों का विरोध किया है।

**क्या कहते है गांव सिवाह के तत्कालीन सरपंच खुशदील कादियान:** गांव सिवाह के तत्कालीन सरपंच खुशदील कादियान ने बताया कि ग्राम पंचायत ने गांव के स्टेडियम की चार दीवारी वाली 53 कनाल व कुछ मरले भूमि रोडवेज को बस अड्डा बनाने के लिये दी थी। लेकिन तत्कालीन पटवारी ने खसरा नंबर 57/21 की भूमि को भी स्टेडियम वाली भूमि के साथ ही चढ़ा दिया गया और उसी वजह से अब यह परेशानी आई है। उस वक्त पटवारी ने जमीन की पैमाइश की होती तो यह दिक्कत नहीं आनी थी। खुशदील कादियान ने कहा कि गांव की फिरनी और किन्हीं लोगों की जमीन को बस अड्डे को कैसे दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर ग्रामीण सोमवार को राजस्व अधिकारियों से मिलकर सारी जानकारी लेंगे कि किसने लापरवाही की है। किसी भी हालत में गांव की फिरनी को बंद नहीं होने दिया जाएगा। वहीं पूर्व जिला परिषद चेयरपर्सन के पति एवं प्रमुख समाजसेवी महेंद्र सिंह कादियान ने कहा कि कोई भी गांव की मैन गली को कैसे बंद कर सकता है और किसी भी हालत में ग्रामीण द्वारा फिरनी को बंद करने नहीं दिया जाएगा।

## पानीपत के लघु सचिवालय का नाम होगा अब जिला सचिवालय

**पानीपतः** पानीपत के लघु सचिवालय का नाम अब जिला सचिवालय होगा, इसको लेकर उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने शनिवार को अधिकारियों की बैठक में सीटीएम राजेश सोनी को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय का नाम बदलकर जिला सचिवालय किया जाए ताकि आने-जाने वाले राहगीरों और पढने वालों को पता चल सके कि जिला मुख्यालय यहां पर स्थित है। डीसी ने कहा कि जल्द ही सभी अधिकारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों को बुलाकर सडक सुरक्षा से संबंधित बैठक का आयोजन भी किया जाएगा।

# पानीपत जिला के सबसे बड़े देवी लाल पार्क के सुधरेंगे अब हालात

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत शहर में जीटी रोड स्थित देवी लाल पार्क की बदहाली समाप्त होने वाली है और पार्क के हालात अब जल्द ही सुधरने वाले है। पानीपत के उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने शनिवार को सुबह बिना गनमैन व किसी को कुछ बतलाये बिना अकेले ही देवी लाल पार्क का औचक निरीक्षण किया और डीसी देवीलाल पार्क की बदहाली को देखकर हैरान रह गये। डीसी ने एक आम व्यक्ति की तरह ही पार्क में सैर करने वाले अनेकों लोगों से पार्क में सुविधाओं को लेकर बातचीत की तो स्थानीय लोगों ने बताया



कि देवी लाल पार्क में सुविधाएं नाम की कोई चीज नहीं है। उपायुक्त वीरेंद्र दहिया पार्क का औचक निरीक्षण करने के बाद वापस आ गये। उसके बाद सुबह करीब 10 बजे उपायुक्त वीरेंद्र दहिया दोबारा से एसडीएम विरेंद्र ढूल व हुडा विभाग के एक्सईएन सहित अधिकारियों की पूरी टीम को साथ लेकर देवीलाल पार्क में पहुंचे और वहां पर अधिकारियों को पार्क में सुविधाओं को लेकर सख्त निर्देश दिये। डीसी दहिया ने हुडा के एक्सईएन से कहा कि सोमवार तक पार्क में पानी की व्यवस्था होनी चाहिये और शौचालय की खस्ता हालत दुरुस्त होनी चाहिये।

डीसी ने कहा कि देवी लाल पार्क में सैर करने आने वाले लोगों को 30 अप्रैल तक हर हालत में सुधार देखने को मिलेगा।

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल के विधार्थियों ने गणित और विज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता ब्लॉक लेवल पर 60 बच्चो ने भाग लिया। जिसमे 47 बच्चो ने प्रतियोगिता जीती और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चनय हुआ। उनमें 15 स्कूल के 177 बच्चो ने परीक्षा दी। जिसमें चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल के विधार्थियों ने पूर्णत अपना कब्जा कर पहले 10 स्थान में से 4 स्थान प्राप्त किए जिसमे तनिषा ने तृतीय, प्रिया ने तृतीय, तनवी ने चौथी, सरिका ने आठवी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में



बाजी मारी। ब्लक स्तर पर वंश शर्मा ,निखिल सैनी, रमन, आदित्य को भी मेडल देकर सम्मानित किया।

# 'किसानों को देशी गाय की खरीद पर दी जा रही 25 हजार की सब्सिडी'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को जहर मुक्त बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसान, जिसके पास 2 से 5 एकड़ भूमि है, उनको देशी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपये की सब्सिडी देने की योजना की शुरूआत की है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि उपरोक्त योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम निःशुल्क दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश में 50 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर किसानों का प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# पुलिस को मिला गुम हुआ पर्स, महिला को वापस लौटाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत इंडिया।**
पानीपत शहर में शनिवार को लालबत्ती चौक पर पुलिस को ड्यूटी के दौरान एक लावारिस पर्स पड़ा मिला। पर्स में कैश, आभूषण और दस्तावेज थे। वहीं दस्तावेजों को खंगालते हुए पुलिस ने महिला के गांव की सरपंच से संपर्क किया। सरपंच के माध्यम से महिला तक उसके पर्स गुम होने की खबर पहुंची। उसके बाद महिला वापस शहर आई। जहां पुलिस कर्मियों ने उसका पर्स लौटा कर महिला के चेहरे पर खुशी लौटा दी। जानकारी के अनुसार शहर में दिल्ली से चंडीगढ़ वाली लेन में



लालबत्ती चौक पर शनिवार दोपहर को ड्यूटी कर रहे होम गार्ड के जवान राजेश को एक लावारिस पर्स पड़ा मिला। पर्स को मौके से उठाकर जब उसे चैक किया तो उसके अंदर दो जोड़ी सोने की बालियां, 10 हजार कैश और कुछ जरूरी दस्तावेज थे। दस्तावेजों के आधार पर महिला का पता गांव दीवाना का पाया गया। जिसके बाद गांव दीवाना की सरपंच से बातचीत की गई और बातचीत के बाद सरपंच ने गांव की रहने वाली कृष्णा पत्नी वीरभान को पर्स खोने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद कृष्णा को पुलिस ने लाल बत्ती चौक पर बुलाया गया। जहां हेड कांस्टेबल जगमाल सिंह की अध्यक्षता में होम गार्ड सुरेंद्र और होम गार्ड राकेश ने पर्स महिला को वापस लौटाया।

महिला ने पुलिस का धन्यवाद किया।

## 'कृषि क्षेत्र में किसानों को आधुनिक मशीनों से जोड़ रही सरकार'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि किसानों को पारंपरिक खेती से बागवानी के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को विशेष रियायत दी जा रही है। सरकार द्वारा किसानों के लिए खेती-किसानी को आसान बनाने व मशीनीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 55 तरह की कृषि मशीनरी और उपकरण पर 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पारंपरिक खेती करने वाले किसानों की तादात ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन के दौर में परंपरागत खेती घाटे में जा रही है।

# परिवार पहचान पत्र में बदलाव करने वाले गिरोह के तीन सदस्य रिमांड पर

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**अदालत ने** परिवार पहचान पत्र में बदलाव करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को शनिवार को तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया है। एडीसी की जांच में ऐसा गिरोह सामने आने के बाद पुलिस को शिकायत की गई थी। मामले की जांच सीआईए वन को सौंपी गई है। सीआईए ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके तीन आरोपियों कुंदनपुरा निवासी अमित, प्रभुवाला निवासी सुनील व नारनौंद निवासी प्रदीप को गिरफ्तार करके शनिवार को अदालत में पेश किया था। अदालत ने तीनों को तीन दिन



के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। जांच के चलते सीआईए ने आरोपियों के ठिकाने पर दबिश देकर सामान बरामद करने की प्रकिया शुरू कर दी है। एडीसी की जांच में सामने आया था कि जिले के उकलाना, नारनौंद व फतेहाबाद जिले में कुछ सीएससी सेंटर संचालकों का एक गिरोह लोगों की फैमिली आईडी में प्रतिबंधित गतिविधियों में बदलाव कर रहे थे।

# अनिरुद्ध ने सीनियर एशियन फ्री स्टाइल कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
हरियाणा प्रदेश के जिला सोनीपत के गांव पुरखास के फ्रीस्टाइल पहलवान अनिरुद्ध गुलिया ने कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में 125 किलोग्राम भार वर्ग में शुक्रवार को कांस्य पदक जीता है। इसके साथ ही भारत के पदकों की संख्या बढकर 14 हो गई है। रेसलिंग स्टार अनिरुद्ध ने यह पदक अपने स्वर्गीय पिता बलवान गुलिया को समर्पित किया है। अनिरुद्ध गुलिया ने शुक्रवार को पदक बाउट में उज्बेकिस्तान के सरदोरबेक खोलमातोव को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से




हराकर 125 किग्रा पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीता। अनिरुद्ध गुलिया ने क्वालिफिकेशन राउंड में जापान के टिकी यामामोटो को 8-2 से हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में फाइनल में पहुंचने वाले कजाकिस्तान के युसुप बतिरमुर्जैव से 2-0 से हार गए और कांस्य पदक के मैच में जगह बनाई। कांग्रेस युवा खेल प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पहलवान पुरखासिया ने कहा है कि गांव पुरखास विश्व के मानचित्र पर खेल के बारे में अपनी खास पहचान रखता है। इस उपलब्धि पर गुरु महाबली सतपाल, भारत केसरी पहलवान नरेंद्र पुनिया, कोच ललित कुमार, कोच अशोक शर्मा, कोच अजीत मान, कोच अनिल मान, कोच परवीन दहिया, भारत केसरी नरेंद्र पुनिया पहलवान का मार्गदर्शन और तकनीक ज्ञान देते रहे हैं।

# महिलाएं शिक्षा के साथ-साथ हरेक क्षेत्र में हो रहीं हैं अग्रणी: राज्यपाल

## हरियाणा में महिलाओं के लिए सभी जिलों में महिला विश्वविद्यालय, महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं। विद्यार्थियों को जीवन भर पढते रहना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
देश की बेटियां शिक्षा के साथ-साथ हरेक क्षेत्र में अग्रणी हो रहीं है। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों की अपेक्षा आगे बढ़ रहीं है। यह वक्तव्य हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज के प्रथम दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में महिलाओं के लिए सभी जिलों में महिला विश्वविद्यालय, महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं। विद्यार्थियों को जीवन भर पढते रहना चाहिए। विद्यार्थी चाहे जितना भी पढ लिखकर आगे बढे और वह अगर विदेश में भी जाता है तो अपनी मातृभूमि को हमेशा याद रखे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने



एडवांस्ड इंस्टयूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज के प्रथम दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में पढाई का महत्व कभी भी समाप्त नहीं होता। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के द्वारा विद्यार्थी डिग्री लेने के बाद केवल नौकरी लेने वाले न बनकर दूसरे लोगों को भी रोजगार देने में सक्षम बनें। इसी के तहत प्रधानमंत्री ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालाय की स्थापना की है, जिसमें हजारों युवा हुनरमंद बनकर रोजगार व स्वरोजगार की दिशा में निरंतर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने नैतिक मूल्यों, नई खोज, तकनीक विकास पर भी जोर देते हुए कहा कि आज का युग तकनीकी का है। युवा नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक कर नशा मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दें। कॉलेज के प्रथम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने मेधावी छात्र और छात्राओं को उपाधि से विभूषित किया।

इस अवसर पर उन्होंने पंडित बीडी शर्मा हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी रोहतक के 45 कॉलेजों में वर्ष 2020 में एम. फामेर्सी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा शिवाली राहीए चौधरी रणवीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद के 132 कॉलेजों में वर्ष 2019 में एमएड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नीरज को स्वर्ण पदक से विभूषित किया् एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के टॉपर त्रिलोक चंद, डॉली अग्रवाल, मनीषा डागर, तनीशा, सपना, कोमल, नकुल, कोमल सैनी, सुमन, विनीत कुमार सिन्हा, एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी के टॉपर नकुल, मेधावी, संगीता, देव, ज्योति व एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन की टॉपर सौम्या कथूरिया, मौना शर्मा को श्रेष्ठता प्रमाण-पत्र गए। संस्था के कुल 200 विद्यार्थियों को महामहिम ने डिग्री प्रदान की, जिसमें बी.टेक, एम टेक, बीसीए, एमसीए, बीबीए, एमबीए, बी फामेर्सी, एम फामेर्सी, बीएड तथा एमएड कोर्स के छात्र-छात्राओं की उपाधियां शामिल हैं। समारोह में उपस्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एवं ओम स्टरलिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार के कुलाधिपति डा. पुनीत गोयल ने कहा कि एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के प्रथम दीक्षान्त समारोह में 200 स्नातक विद्यार्थियों में 60 प्रतिशत छात्राएं हैं।

# 'सरकार का लक्ष्य, मई 2023 के अंत तक कम से कम 60 प्रतिशत छात्र और शिक्षक टैबलेट का करें उपयोग'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकार ने 37,370 अध्यापकों को भी टैबलेट उपलब्ध करवाए हैं, ताकि उन्हें भी बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा देने की सुविधा प्राप्त हो। सरकार ने नए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में टैबलेट के वितरण के लिए एस.ओ.पी. तैयार की है। इसके लिए स्कूलों की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सरकार का लक्ष्य है कि मई, 2023 के अंत तक कम से कम 60 प्रतिशत छात्र और शिक्षक टैबलेट का उपयोग करें। इसके लिए शिक्षकों को निर्देश दिये हैं कि वे कक्षा में और घर पर प्रतिदिन स्वयं और छात्रों द्वारा टैबलेट का उपयोग सुनिश्चित करे। टैबलेट के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मनोहर लाल ने कहा कि कोरोना महामारी के समय जब गरीब परिवारों के बच्चों के पास इंटरनेट से जुड़े मोबाइल या तो उपलब्ध नहीं थे अथवा बहुत कम स्पीड वाले थे। तब सरकार ने स्कूली बच्चों को टैबलेट उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया था। कोविड महामारी के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से करोड़ों विद्यार्थियों को घर बैठे ही शिक्षा प्रदान की गई। 15 अप्रैल, 2020 को मुख्यमंत्री दूरवर्ती शिक्षा कार्यक्रम आरम्भ किया। विद्यार्थियों को थ्री-एस (स्टे एट होम, स्टडी एट होम, स्कूल एट होम) का सन्देश दिया था। उस समय स्कूलों व कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की गई। एनसीईआरटी द्वारा भी टी.वी. के माध्यम से शिक्षा की व्यवस्था की गई, जिससे प्रदेश के 52 लाख विद्यार्थी लाभान्वित हुए। रिकार्डिड लेक्चर भी टी.वी. चैनलों व केबल नेटवर्क पर उपलब्ध करवाये गये। राजकीय स्कूलों के 1.87 लाख से अधिक छात्रों को शिक्षा सेतु ऐप के माध्यम से शिक्षा दी गई। इसके अलावा, प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए संपर्क बैठक मोबाइल एप्लीकेशन भी लांच की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2025 तक लागू होगाः सीएम

## ई-अधिगम डिजिटल इंडिया विजन को साकार करने में मदद करेगाः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और गरीब व जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा मुहैया करवाने के उद्देश्य से शुरू की गई ई-अधिगम योजना पूरी तरह से कारगर सिद्ध हो रही है। इस योजना के तहत अब तक साढ़े 5 लाख विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किये जा चुके हैं। इसके साथ प्रतिदिन 2जीबी इंटरनेट डाटा भी मुफ्त दिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 1,000 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना बनाई, जो पूरे भारत में स्कूल शिक्षा में पहली योजना है। राज्य सरकार की ई-अधिगम पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ई-अधिगम योजना के तहत टैबलेट प्राप्त करने वाले बच्चों तथा उनके अभिभावकों से सीधा संवाद कर रहे थे। संवाद के दौरान टैबलेट प्राप्त करने वाले स्कूली विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल करके मुख्यमंत्री ने गरीब बच्चों को भी ऊंचे सपने देखने का हौंसला दिया है। आज हम भी ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कर पा रहे हैं, तो यह केवल हरियाणा सरकार की बदौलत मुमकिन हुआ है। विद्यार्थियों ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब स्कूल पूरी तरह से बंद हो गए थे, तब उन्हें ऐसा लगता था कि वह शिक्षा से वंचित रह जाएंगे, लेकिन बच्चों को मुफ्त टैबलेट देने के मुख्यमंत्री के इस प्रयास से हमें न केवल शिक्षा प्राप्त हुई, बल्कि आज हम प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कर पा रहे हैं।

मनोहर लाल ने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में काफी समय से हो रहा है, लेकिन 2 साल पहले आई कोविड-19 महामारी के समय यह तकनीक हर विद्यार्थी की जरूरत बन गई थी। उस समय स्कूल-कॉलेज जाना संभव नहीं था। लेकिन विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करना भी आवश्यक था।



### टैबलेट का अधिकतम उपयोग करें, इससे नए अवसरों की भी होगी प्राप्तिः सीएम

**मुख्यमंत्री** ने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे इस टैबलेट का अधिकतम उपयोग करें। इसके सदुपयोग से आप दुनिया का श्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं, जो आपके जीवन को सरल और सफल बनायेगा। उन्होंने कहा कि ये टैबलेट बच्चों के कौशल का विकास करने के साथ – साथ विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में भी उनकी सहायता कर रहे हैं। इसके अलावा उन्हें नए अवसरों की प्राप्ति भी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सूचना तकनीक के उपयोग के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कार्यक्रम में कहा था कि हम खुशकिस्मत हैं कि ऐसे युग में हैं, जहां प्रौद्योगिकी सरल और पहुंच के अन्दर है।

# सत्ता से दूरी में हताश हो रहे भूपेंद्र हुड्डाः डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

## आज कहीं बेहतर है हरियाणा की आबकारी और स्टाम्प ड्यूटी कलेक्शनः डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**प्रदेश** के राजस्व आंकड़ों को लेकर हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को खुली चुनौती दी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा के 10 साल के कार्यकाल के स्टाम्प ड्यूटी, आबकारी और राजस्व कलेक्शन से हमारी 3 साल की सरकार का प्रदर्शन हर लिहाज में बेहतर है। वे रोहतक में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान डिप्टी सीएम ने पूर्व कांग्रेस पर कई सवाल उठाए। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज हमने तीन साल में ही पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के दस साल के कार्यकाल के मुकाबले राजस्व इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत सुधार करके दिखाया है। दुष्यंत चौटाला ने भूपेंद्र हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री किसी भी मंच पर अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान का स्टाम्प ड्यूटी, आबकारी राजस्व का डाटा एकत्रित करके लेकर आएं और हम अपने तीन साल का डाटा लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बावजूद आज प्रदेश का टैक्स कलेक्शन कांग्रेस सरकार के समय से बेहतर है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा को सत्ता हासिल हाथ से जाने की हताशा है और वे ऐसे आदमी है कि राज में आने की फ्रस्ट्रेशन में कुछ भी कर सकते है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज बीजेपी-जेजेपी गठबंधन को करीब साढ़े तीन साल हो गए है और कांग्रेस शुरू से ही हमारे गठबंधन पर चर्चा करती आ रही है जो कि उनकी फ्रस्ट्रेशन है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा हमें बच्चा बता रहे है। 35 साल के युवा उनकी तरह बूढ़े तो नहीं हो सकते। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज गठबंधन को लेकर सीएम और मुझे कोई संशय नहीं है। हम प्रभावी ढंग से जनता के विकास के लिए काम कर रहे है। कोरोना और किसान आंदोलन के बावजूद प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर चल रहा है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आगे चुनाव में हमारे खिलाफ बहुत सारी बयानबाजियां देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि शुरू से मुझ पर बिना किसी तथ्य के बेबुनियादी आरोप लगाए जा रहे है लेकिन हमने निरंतर प्रदेश हित में सुधार किए है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जो लोग रजिस्ट्री घोटाले की बात करते है उनसे पूछना चाहिए कि उनके राज में राजस्व 1200 करोड़ के करीब था, जो आज 10 हजार करोड़ तक कैसे पहुंचा है ? पहले रातों-रात अवैध कॉलोनियों की अनुमति मिल जाती थी जबकि ऐसी व्यवस्था आज के दिन नहीं है। डिप्टी सीएम ने कहा कि उन लोगों की सरकारों में किसानों को प्रताड़ित किया जाता था लेकिन आज ई-भूमि के माध्यम से किसानों की मर्जी से ही जमीन खरीदी जाती थी।



**8 पूर्व सीएम हुड्डा के दस साल के कार्यकाल के मुकाबले राजस्व इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत सुधार करके दिखाया है**

# समृद्ध हो रहा प्रदेश का किसान, सीधे बैंक खातों में हो रहा गेहूं की बिक्री का भुगतान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के गेहूं का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने रबी की फसल की सुगम खरीद हेतु समुचित व्यवस्था की है। रबी की फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है और निर्धारित समय में किसानों के खातों में भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रदेश के किसानों के खाते में गेहूं की फसल का पैसा भेजना शुरू हो गया है। किसानों को उनकी फसल का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जा रहा है। अब तक 81381 किसानों के खातों में 932.64 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। वहीं आज 24624 किसानों के खातों में 317.22 करोड़ रुपए भुगतान के लिए पेमेंट फाइल जनरेट की गई, यह भुगतान 17 अप्रैल को होगा। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा प्रदेश है जहां 48 से 72 घंटों में किसान की फसल खरीद का भुगतान किया जाता है। मंडियों से फसल का समय पर उठान सुनिश्चित किया गया है।

# खरखौदा मारुति प्लांट में 2025 तक गाड़ियों का उत्पादन होगा शुरूः डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिस तरह मानेसर में मारुति उद्योग ने गुरुग्राम के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उसी प्रकार खरखौदा में मारुति प्लांट सोनीपत, रोहतक और आसपास के क्षेत्रों में उद्योग को विकसित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रोहतक मेटल फिनिशर्ज एवं ऑल रोहतक इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि खरखौदा में स्थापित किए जा रहे मारुती के संयंत्र में वर्ष 2025 तक गाड़ियों का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और उद्योग क्षेत्र प्रदेश की उन्नति में भी पूरा सहयोग दे रहे है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार द्वारा आबादी देह से हाईटेंशन तारों को दूर करने के लिए बजट में घोषणा की गई है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में कृषि के साथ-साथ उद्योग क्षेत्र पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश की जीडीपी में कृषि क्षेत्र का 32 प्रतिशत योगदान है।

**8 खरखौदा में मारुति प्लांट सोनीपत, रोहतक और आसपास के क्षेत्रों में उद्योग को विकसित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा**



# मेधावी छात्र सम्मान समारोह में किया सम्मानित




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिला के** गाँव सालवन के छात्र-छात्राओं को भविष्य में बड़े मुकाम को हासिल करने में आसानी होगी, इसके लिए उन्हें भारतीय सेना में उच्च पदों पर कार्यरत्त गांव के ही तीन सगे भाइयों की प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलेगा। इसके लिए मेजर जनरल अनिल सिंह, मेजर जनरल केपी सिंह और ब्रिगेडियर डॉ. योगेंद्र सिंह ने रविवार को अपने पैतृक गांव सालवन के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के लिए अपने पिता स्व. मोहकम सिंह की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 1 लाख रुपये स्कॉलरशिप देने की बड़ी घोषणा की।

इस मौके पर उन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2021-22 में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाली छात्राओं के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र मिगलानी को एक लाख रुपए का चेक सौंपा। कार्यक्रम में दसवीं व 12वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली काजल, शिवानी, हिमांशी, रितु, रानी, पूजा को सम्मानित किया गया। खेलों में मेडल लाने वाले गांव के छात्र-छात्राओं को भी इस मौके पर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व सरपंच जयवीर फौजी के नेतृत्व में तीनों सेना अधिकारियों द्वारा गांव सालवन में रोड शो निकाला गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। युवाओं में जोश देखते ही बन रहा था तथा गांव में चारों ओर देशभक्ति का माहौल था।

कार्यक्रम में मेजर जनरल अनिल सिंह ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा किया गया स्वागत हमारे लिए अविस्मरणीय रहेगा। जीवन में किसी ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के लिए घर व गांव से बाहर जाना जरूरी होता है, लेकिन गांव में आना पुरानी यादों को ताजा करता है। देश का भविष्य कहे जाने वाले हमारे गांव के बच्चे भी जीवन में आगे बढकर किसी ऊंचे मुकाम पर पहुंचे इसके लिए हमारे द्वारा हरसंभव सहयोग किया जाएगा। बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, उन्हें जैसा रूप देंगे, वे वैसा बन जाएंगे। गांव के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बशर्ते माता-पिता व शिक्षक द्वारा उन्हें आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर मोटिवेट कर सही दिशा दी जाए।

उन्होंने छात्राओं की कोचिंग के लिए कोचिंग सैंटर स्थापित करने व गांव को आदर्श गांव बनाने के लिए सहयोग का भी आश्वासन दिया। उन्होंने गांव के पूर्व सैनिकों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए भी आश्वासन दिया। भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने मेजर जनरल अनिल सिंह, मेजर जनरल केपी सिंह, ब्रिगेडियर डॉ. योगेंद्र सिंह और इनके भांजे व ले. कर्नल अजीत सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि गांव से जुड़े बड़े अधिकारियों के गांव में पहुंचने से बच्चों को प्रेरणा मिलती है और वे भी जीवन में आगे बढ? के लिए प्रेरित होते हैं। यह गांव के लिए भी गर्व की बात है कि एक ही परिवार के तीनों भाई सेना में उच्च पदों पर हैं। यह गांव में देशभक्ति की भावना को बढ़ाता है और देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमारा देश प्राचीन समय से ही ऋषि-मुनि, तपस्वियों व वीरों की भूमि रहा है।

कार्यक्रम में सालवन ग्राम पंचायत सहित आसपास के कईं गांवों की पंचायतों व स्कूल प्रशासन ने सेना के अधिकारियों का सालवन में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ, पगड़ी पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मेजर जनरल अनिल सिंह की धर्मपत्नी अंजू, मेजर जनरल केपी सिंह की धर्मपत्नी संगीता, ब्रिगेडियर डॉ. योगेन्द्र सिंह की धर्म पत्नी व भारतीय सेना में आर्मी मेडिकल कोर्प में तैनात लीना तथा गांव की बेटी व मेजर जनरल अनिल सिंह की बहन निशा का भी ग्राम पंचायत की ओर से बीना राणा ने स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिस पर सेना के अधिकारियों ने छात्राओं का हौंसला बढ़ाते हुए 10 हजार रुपये प्रोत्साहन के रूप में दिए।

## हार्ट सेंटर में दूसरे दिन भी लाइव सर्जरी देख डॉक्टरों ने सीखी बारीकियां



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
छावनी के नागरिक अस्पताल में दूसरे दिन भी लाइव सर्जरी कार्यक्रम जारी रहा जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों आए अनेक डॉक्टरों ने भाग लिया कार्यक्रम में डाक्टर राघव, डॉक्टर प्रथाप कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। जानकारी देते हुए मैडीटिना ग्रुप अंबाला हार्ट सैंटर के प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि यहां पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए डॉक्टरों को बहुत कुछ सिखने का मौका मिल रहा है। कोर्डियोलोजिस्ट दिल के मरीजों से जटिल से जटिल पीसीआई करोनोरी सर्जरी की विभिन्न तरकीनों से इलाज की बारिकियां सीख रहे हैं। इसका लाइव सर्जरी प्रचारण भी किया जा रहा है।

राजीव कुमार ने बताया कि दिसम्बर 2017 से कैंट के सिविल अस्पताल में हार्ट सैंटर शुरू किया गया था। इसके बाद यहां पर 1.60 हजार से अधिक मरीजों को ओपीडी सेवाएं दी गई और लगभग 1500 से अधिक हार्ट सर्जरी की गई।

## न्यूज फ्लैश

### संत निरंकारी मिशन द्वारा विश्वव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में दिनांक 24 अप्रैल का दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश एवं दूर देशों में रक्तदान शिविरों के आयोजन से ह्यमानव एकता दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव कल्याणार्थ हेतु संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा भारतवर्ष में स्थापित निरंकारी मिशन की लगभग सभी ब्रांचों सहित देश की राजधानी दिल्ली में रक्तदान शिविर जैसे महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी रक्तदाता स्वैच्छापूर्वक सम्मिलित होकर पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान करेंगे। जैसा कि सर्वविदित ही है कि युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्त करवाया; साथ ही समाज उत्थान हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया जिनमें सादा शादियां, नशा मुक्ति एवं युवाओं को खेलो के प्रति प्रेरित किया। समाज में व्याप्त कुरितियों के उस दौर के उपरांत बाबा हरदेव सिंह जी के प्रेरक संदेश ह्यरक्त नाड़ियों में बहे, न कि नालियों मेंह्न द्वारा सभी श्रद्धालुओ को एक नई सकारात्मक दिशा मिली। उसी प्रेरक संदेश को प्रत्येक निरंकारी भक्त मानवता के उपकार हेतु निरंतर उसे जीवन्त रूप में अपनाकर लोककल्याणार्थ हेतु अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह महा अभियान भारत में स्थापित संत निरंकारी मिशन के 99 जोन की लगभग सभी ब्रांचों में आयोजित किया जायेगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

## '23 गुमशुदा बच्चों व वयस्कों को खोजकर परिवार से मिलाया'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **हरियाणा** में मानव तस्करी के खिलाफ और बंधुआ मजदूरों को रेस्क्यू करने के लिए अप्रैल माह में स्पेशल अभियान ऑपरेशन स्माइल शुरू किया हुआ है। इसके तहत गुमशुदा बच्चों व व्यस्कों को खोजना और उनके परिवार से मिलवाया जाता है। जिला पुलिस द्वारा इस मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाना और मानव तस्करी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। अप्रैल माह के दूसरे हफ्ते में करनाल पुलिस के पुलिस थाना शहर की टीम द्वारा चार, थाना घरौंडा की टीम द्वारा तीन, थाना निगदू, थाना रामनगर, थाना मधुबन, थाना सिविल लाईन की टीम द्वारा एक-एक, थाना कुंजपुरा, थाना सेक्टर 32-33, थाना तरावडी, थाना असंध, थाना इन्द्री व थाना सदर की टीम द्वारा दो-दो गुमशुदा बच्चों व वयस्कों खोजकर उनके परिजनो के हवाले किया गया। करनाल पुलिस द्वारा इन बच्चों व वयस्कों खोजकर उनके परिजनों से मिलवाकर उनके परिजनों को उनकी खुशियां लौटाकर अति सराहनीय कार्य किया है। गुमशुदा बच्चों को खोजकर बाल कल्याण समिति के सम्मुख पेश करके काउंसलिंग करवाई गई और उनके परिजनों के हवाले किया गया।

## सूर्य नमस्कार सभी योगासनों का लाभ देता है: दिनेश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **अंतराष्ट्रीय** योग दिवस 2023 की तैयारियों के लिए चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत योग गुरु दिनेश गुलाटी ने बताया कि आयुष विभाग और मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संयुक्त तत्वाधान में यह अभियान शुरू किया गया है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के संरक्षण में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी और आयुष विभाग से डॉ.अमित पुंज सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। दिनेश गुलाटी ने कहा कि मिशन की सभी कक्षाओं में प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जा रहा है। इसके अंतर्गत उन्होंने अटल पार्क सेक्टर-9 योग कक्षा में पहुंचकर साधकों को योगाभ्यास करवाया और सूर्य नमस्कार के सभी आसनों का विधिपूर्वक मंत्र उच्चारण के साथ अभ्यास किया। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के सभी शिक्षक और साधक इस अभियान में भाग लेकर एक साथ सूर्य नमस्कार कर रहे हैं।

कक्षा में योग शिक्षक कक्षा में योग शिक्षक राजेंद्र पपनेजा, शिवानी कंबोज और कुसुम राणा ने साधकों को सूर्य नमस्कार करने का तरीका समझाया। दिनेश गुलाटी ने बताया कि सूर्य नमस्कार ही ऐसा व्यायाम है, जो सभी योगासनों का लाभ देता है। यदि व्यक्ति प्रतिदिन 12 बार सूर्य नमस्कार कर ले तो उसे अन्य किसी व्यायाम की आवश्यकता नहीं है। सूर्य ऊर्जा का प्रतीक है और सूर्य नमस्कार हमें शारीरिक ऊर्जा और मानसिक शांति देता है।

> 8 सूर्य नमस्कार ही ऐसा व्यायाम है, जो सभी योगासनों का लाभ देता है: गुलाटी

दिन की शुरूआत यदि सूर्य नमस्कार से की जाए तो हम पूरे दिन ऊजार्वान महसूस करते हैं। कक्षा में सभी साधकों ने बढ़ चढकर हिस्सा लेते हुए उत्साहपूर्वक सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया।

अटल पार्क योग कक्षा में आज राजेंद्र पपनेजा, शिवानी कम्बोज, कुसुम राणा, मीनू, सुभाष सचदेवा, प्रदीप अग्रवाल, अनीता, निर्मल धनियां, सुनीता चहल आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं ने लगाई सुभाष कॉलोनी लाल मंदिर में प्रदर्शनी

> 8 रविवार को पायल बावा, आरती सहगल, रंजू, सुरेन्द्र कौर हमारी विशेष अतिथि होंगी



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
जो महिलाएं घर में हाथ की कारीगरी का छोटा मोटा काम करती है और जो बड़ी जगह पर पैसा खर्च करके प्रदर्शनी में नहीं जा सकती, वो सभी महिलाएं मिल कर हाउसिंग बोर्ड, सुभाष कालोनी लाल मन्दिर के ऊपर कांफ्रेस हाल अम्बाला कैंट में अपने सामान को मिलजुल कर लगा रही है। महिलाओं का मकसद अपनी कारीगरी के काम से घर को चलाने का है। जिसके लिए जो खर्चा वहां आया वो सब भी मिलजुलकर कर रही है ताकि लोगों में अपने काम का प्रचार कर सकें और अपना जीवन यापन कर सके।आज मुख्य अतिथि डॉ. रूपा मुन्जाल व मोनिका विग के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । यह प्रदर्शनी आँचल कपूर (आँचलस मेकओवर), नाज अरोड़ा (नाज क्रियेशनस) के सौजन्य से लगाई जा रही है। कल रविवार को पायल बावा, आरती सहगल, रंजू, सुरेन्द्र कौर हमारी विशेष अतिथि होंगी।

## सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिला** पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा एक आरोपी को सट्टा खाईवाली करते हुए गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी के कब्जे से 16750 रुपए की नगदी बरामद की गई है। इस संबंध में बीती रात पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर कमीशन पर सट्टा खाईवाली का काम करने वाले सोहन लाल पुत्र मेयर चंद वासी तरावडी को मौका से काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 16750 रुपए की नगदी, एक गत्ते का टुकड़ा, एक पैन व एक सट्टा पर्चा बरामद किया गया।

## मिक्सचर मशीन की चपेट में आने से महिला मजदूर की मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कस्बा इंद्री स्थित वेयर हाउस में मिक्सचर मशीन की चपेट में आने एक महिला मजदूर की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश निवासी बीना मजदूरी करती थी। इंद्री स्थित वेयर हाउस में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। बीना पिछले काफी समय से वेयर हाउस में चल रहे निर्माण कार्य में मजदूरी का काम कर रही थी। शनिवार को मजदूर मिक्सचर मशीन से मसाला बना रहे थे। इस दौरान मजदूर महिला बीना की साड़ी का पल्लू अचानक मशीन में आ गया। जिसके कारण महिला मशीन की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पुलिस की डायल 112 को दी गई। डायल 112 की गाड़ी व क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए और जांच के लिए भिजवा दिया।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश निवासी बीना अनुरागी 5-6 साल से मजदूरी का काम कर रही थी। आज मजदूर मशीन से मसाला तैयार कर रहे थे।

## 'वैसाखी समरसता और एकता की भावना को जागृत करता है'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **खालसा** पंथ के साजना दिवस वैसाखी के शुभ अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मॉडल टाउन में डेंटिस्ट्री डेंटल क्लिनिक मॉडल टाउन के सौजन्य से फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में दांतों की देखभाल एवं इलाज सम्बन्धी बहुत सी जरूरी सुविधाएँ जिलावासियों को मुफ्त दी गयी। शिविर का उद्देश्य लोगों को अपनी सेहत के बारे में जागरूक करना, उन्हें विभिन्न मेडिकल और डेंटल समस्याओं के बारे में जानकारी देना था। डेंटिस्ट्री डेंटल क्लिनिक से डॉ. निलिका ने बताया कि वैसाखी का उत्सव उत्साह समरसता और एकता की भावना को जागृत करता है। यह त्योहार पुनरुत्थान, पुनर्जन्म और समुदाय को वापसी का समय होता है। इस समय चल रहे कोरोना महामारी के दौरान अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संभवतः वैसाखी के इस मौके पर हमें एक-दूसरे की मदद करने का संदेश देने की आवश्यकता ज्यादा है।

उन्होंने बताया कि वैसाखी एक ऐसा उत्सव है जो संबंध, एकता और सेवा के संदेश के साथ आता है। हम सभी को एक-दूसरे की सेवा करने और अपने समाज की सेवा करने की जरूरत है। इसलिए हमने डेंटिस्ट्री डेंटल क्लिनिक के सहयोग से इस चिकित्सा शिविर का आयोजन किया है। हमें खुशी है कि हम इस उत्सव के मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के सहयोग से लोगों के सेहत का ध्यान रखने में सक्षम रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में मुफ्त मौखिक स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही अन्य विशेषज्ञों द्वारा मुफ्त जांच एवं परामर्श किया गया, जैसे कि फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, जननी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ। साथ ही रक्तचाप की मुफ्त जांच, रक्त शर्करा की निशुल्क जांच और नियमित दवाओं का वितरण भी निशुल्क रूप से किया गया। यह शिविर वैसाखी के शुभ अवसर पर खालसा धर्म के स्थापना के लिए समर्पित है।

डॉ. निलिका ने जन जागरूकता के लिए बताया कि स्वस्थ मसूड़े, मजबूत दांत, तटस्थ सांस और साफ जीभ वाला मुंह समग्र अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संकेत है। मुंह भी मधुमेह सहित कई बीमारियों के लक्षण दिखाने वाले पहले स्थानों में से एक है।

## गौरव खुराना बने भाविप हरियाणा उत्तर के प्रांतीय संयोजक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा के सदस्य गौरव खुराना को फिर से भाविप हरियाणा उत्तर का प्रांतीय संयोजक (युवा संस्कार) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति भाविप के प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया और प्रांतीय महासचिव कपिल गुप्ता द्वारा की गई है। अपनी नियुक्ति पर गौरव खुराना ने भाविप के समस्त प्रांतीय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाविप की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। भाविप की श्री राधा कृष्ण शाखा की अध्यक्ष प्रियंका काठपाल ने कहा कि यह हमारी शाखा के लिए गर्व की बात है कि गौरव खुराना को पुनः से भाविप हरियाणा उत्तर का प्रांतीय संयोजक (युवा संस्कार) बनाया गया है। इसके अलावा शाखा के सभी सदस्यों ने भी प्रांतीय संगठन का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि गौरव खुराना ने पूर्व में भी भाविप में प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी संभालते हुए परिषद के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढकर भाग लिया है।

## अज्ञात ने युवक को सीने में गोली मारकर की हत्या



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **बड़ी औद्योगिक** थाना क्षेत्र के अर्न्तगत बीती रात गांव राजपुर में छत पर बने कमरे में सो रहे युवक की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। सुब युवक डयूटी पर जाने के लिए उठकर नही आया तो मृतक की बहन ने जाकर देखा तो युवक खून से लथपथ हालत में बैड पर पड़ा हुआ था। घटना की सूचना परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को दी। सूचना के बाद बड़ी थाना प्रभारी संदीप कुमार, सीआईए की टीम, डीएसपी आत्माराम मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में मृतक रोहित के बड़े भाई रवित ने बताया कि वह प्राईवेट कम्पनी मे गार्ड की नौकरी करता हुं। मेरा छोटा भाई रोहित अविविहता था। जो दिल्ली मे सीपीडब्ल्यूडी में मेरे पिता की मौत के बाद उनकी जगह बेलदार के पद पर लगा था। मेरी बहन मोनीका की शादी करीब 12 साल पहले प्रदीप पुत्र राजेंद्र गांव रुड़की, जिला रोहतक के साथ हुई थी। करीब 6 महीने पहले मेरे जीजा प्रदीप ने करीब 6 महीने पहले आपने आप को गोली मार कर सुसाईट कर लिया था। उसके बाद से प्रदीप के परिवार वाले मेरी बहन मोनीका व हमें प्रदीप के सुसाइड करने दोषी मानते थे आरोप है कि मेरी बहन का देवर प्रवीन मेरी बहन के साथ रंजिश रखते हुए इस बात के ताने मारकर बदला लेना चाहता था। उसने कहा था कि जिस जगह पर मेरे भाई को गोली लगी है उसी जगह तेरे भाई को भी गोली लगेगी। शिकायत में बताया कि शुक्रवार की रात करीब 9 बजकर 30 मिनट पर मेरा भाई रोहित हमारी छत पर बने कमरे में आकर सो गया। सुबह 8 बजे मेरा भाई रोहित ऊपर से नीचे नही आया तो मेरी बहन मोनीका ने ऊपर जाकर देखा तो मेरे भाई रोहित की किसी ने गोलीयां मारकर हत्या कर दी। फिर मेरी बहन जोर-जोर चिलाने लगी, उसके बाद मेरा परिवार भी छत पर बने कमरे में गए तो देखा कि वह मृत अवस्था में बेड पर पड़ा हुआ था। पुलिस ने मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

## संपादकीय

# इतिहासबोध राष्ट्रबोध का आधार

**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं की पुस्तकों में कतिपय संशोधन किए गए हैं। इन पुस्तकों में बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक पाठ्यक्रम बनाए जाते हैं। विषय विशेषज्ञों की समिति विचार करती है। अन्य विषय की पुस्तकों में भी संशोधन हुए हैं। लेकिन इतिहास की पुस्तकों में हुए कतिपय संशोधनों को लेकर बहस चल रही है। अध्ययन की दृष्टि से इतिहास, संस्कृति और दर्शन महत्वपूर्ण विषय माने जाते हैं। इतिहासबोध राष्ट्रबोध का आधार है। भारत में इतिहास संकलन की विशेष परंपरा रही है। यूरोपीय तर्ज के इतिहास में राजाओं और सामंतों के संघर्षों का वर्णन ज्यादा होता है। भारतीय इतिहास में संस्कृति का विवरण महत्वपूर्ण होता है। इतिहास सर्वोच्च मार्गदर्शी होता है। सृष्टि के उदय से लेकर अब तक का विवरण इतिहास है। इतिहास का अर्थ है-ऐसा ही हुआ था। भारतीय जीवन दृष्टि में इतिहास कभी बूढ़ा नहीं होता। यह अजर अमर आख्यान है। इतिहास के वृक्ष पर नित नया वसंत खिलता रहता है। सूर्य उगते हैं। प्रतिपल नया सूर्योदय होता है। इसके पहले ऊषा आती है। बार-बार आती है। मधु मास आते हैं। नए फूल फल उगते हैं। ऋतुएं नया रंग रूप लेती हैं। मनुष्य और प्रकृति की प्रीति चलती रहती है। संघर्ष भी चलते हैं। मनुष्य मनुष्य से परस्पर लड़ते हैं। हिंसा होती है। मनुष्यता पश्चाताप में होती है। इतिहास के अंतःकरण में ऐसी सारी घटनाएं संकलित रहती हैं। भारतीय इतिहास की शुरूआत सृष्टि सृजन की मधुमय मुहूर्त से होती है। ऋग्वेद के एक मंत्र (10.72.2) में कहते हैं, 'देवताओं के जन्म से पहले असत से सत का उद्भव हुआ। सृष्टि उगती है। इतिहास का गायन शुरू हो जाता है।' बड़ी बात है कि ऋषि उस कालखंड का वर्णन कर रहे हैं जब देवता भी नहीं थे। ऋग्वेद के ऋषि सृष्टि संरचना से इतिहास का क्रम शुरू करते हैं। यूरोपीय तर्ज के इतिहास लेखक इसे प्रागैतिहासिक काल बता कर छुट्टी पा जाते हैं। पहले समय नहीं था। सृष्टि सृजन के शुरूआत के साथ गति हुई और गति से समय का जन्म हुआ। ऋग्वेद के ऋषि इसके भी पहले का वर्णन करते हैं, 'तब न सत था न असत था। भू, आकाश आदि भी नहीं थे। न दिन था न रात्रि। वायु भी नहीं थी।' यह भारतीय दृष्टि का इतिहास है। असिमोव ने वर्ल्ड क्रोनोलॉजी में बताया है कि अग्नि की खोज मानव जीवन की महत्वपूर्ण घटना है। ऋग्वैदिक ऋषि अग्नि की खोज का श्रेय भारतीय पूर्वजों को देते हैं। कहते हैं, 'मनु ने मानवता के हित में अग्नि की स्थापना की। (1.36.19) मनु के बारे में कहते हैं, 'वह हम सब के पिता हैं।' भारत में इतिहास की ज्ञान उपासना प्राचीन है। इस इतिहास में अतीत के तथ्य काव्य रूप में हमारे सामने आते हैं। यह शैली लोकमंगल से जुड़ी प्रकृति की शक्तियों को देवता रूप देती हैं। लेकिन इतिहास के प्रति सजगता बनी रहती है। एक सुन्दर सूक्त (10.14.15) में कहते हैं, 'इदं नमः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृष्टभ्यः, ऋषिभ्यः - पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों को नमस्कार है। मार्गदर्शक ऋषियों को नमस्कार है।' पूर्वज पूर्वकाल में हुए थे और पूर्व काल का विवरण इतिहास है। अथर्ववेद के पन्द्रहवें अध्याय में अथर्वा ने व्रात्य नाम के देवता का विवरण दिया है। वेदों में व्रात्य शब्द का अर्थ उच्चतर आध्यात्मिक चेतना के लिए प्रयुक्त हुआ है। यह विवरण इतिहास दृष्टि का सुन्दर उदाहरण है, 'व्रात्य ने उच्चतर स्थिति प्राप्त होते ही ब्रह्मा का मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# निकाय चुनाव से पता चलेगा सपा कितने पानी में है ?

सुनील कुमार महला

"आप जरूर बड़ी तैयारी के साथ निकाय चुनाव में उतर रही है लेकिन संगठन ना होने के कारण वह कोई प्रभाव नहीं डाल पाएगी। वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव की तैयारी काफी पहले ही शुरू कर दी थी। नए राजनीतिक समीकरण के साथ वह चुनाव मैदान में उतर रही है। सभी को दिख रहा है कि समाजवादी पार्टी मुखिया इस बार निकाय चुनाव में यादव-मुस्लिम के साथ दलित कांबिनेशन बनाने की कवायद में जुटे हुए हैं शहरी क्षेत्र का सियासी समीकरण उन्हे इसका लाभ पहुंचा सकता है, यह अखिलेश को पता है। यही वजह है कि अखिलेश यादव और बसमाजवादी पार्टी से समाजवादी पार्टी में आए तमाम नेताओं के जरिये अपने इस प्लान को प्रचारित करा रहे हैं"

**उत्तर** प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो गई है। दो चरणों में 4 मई और 11 मई को मतदान होंगे और 13 मई को चुनावी नतीजे घोषित किए जाएंगे। यानी कुल 30 दिनों में उत्तरप्रदेश के सियासी दलों की शहरी ताकत का अंदाज सभी को हो जाएगा। उसके साथ ही अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारी शुरू हो जाएगी। इस नाते उत्तरप्रदेश के नगर निकाय चुनावों को 2024 का सेमीफाइनल बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि सूबे की योगी सरकार के साथ समाजवादी पार्टी खास कर अखिलेश यादव के लिए यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण हैं। अखिलेश यादव विधानसभा चुनाव के बाद निकाय चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के विकल्प के रूप को समाजवादी पार्टी को स्थापित करने की ठाने हुए हैं। और उनकी मंशा उत्तरप्रदेश की कई मेयर सीटों पर अपने प्रत्याशी जिताने की है। बीते 16 सालों से समाजवादी पार्टी उत्तरप्रदेश की किसी सीट पर अपना मेयर जिता नहीं पायी है, ऐसे में अखिलेश यादव के लिए उत्तरप्रदेश का यह नगर निकाय चुनाव प्रतिष्ठा का चुनाव बन गया है। और अब अगले 30 दिनों में यह पता चल जाएगा कि अखिलेश उत्तरप्रदेश में मेयर की कितनी सीटें समाजवादी पार्टी की झोली में लाने में सफल होंगे। वैसे समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव को भी यह पता है कि निकाय चुनावों में भाजपा और योगी सरकार का चला आ रहा जीत का सिलसिला रोक पाना आसान नहीं है। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी 16 साल से मेयर की एक सीट भी जीत नहीं पाई है। अखिलेश सरकार में हुए निकाय चुनावों में भी समाजवादी पार्टी को मामूली सफलता ही प्राप्त हुई थी। तब शहरी मतदाताओं को रिझाने में अखिलेश को भाजपा से कड़ी चुनौती मिलती थी। निकाय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है कि मुलायम सिंह के मुख्यमंत्री रहते जब वर्ष 2006 में निकाय चुनाव हुए थे, तब समाजवादी पार्टी सिर्फ मुरादाबाद सीट पर अपने प्रत्याशी को जीता सकी थी। और भाजपा ने कई मेयर पद पर कब्जा कर लिया था। साल 2012 में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री रहते हुए भी मेयर की एक सीट पर भी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में सफल नहीं हुए थे। तब भी भाजपा ने बाजी मार ली थी और बसपा, कांग्रेस तथा



निर्दलीय जीतने में कामयाब हुए थे। वर्ष 2017 दिसंबर में निकाय चुनाव में फिर समाजवादी पार्टी ने नगर निगमों के चुनावों में खासा जोर लगाया, फिर भी उसके हाथ मेयर की एक सीट भी नहीं लगी। चुनावी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017 में हुए शहरी निकायों के चुनाव में भाजपा ने मेयर की 16 में 14 सीटें जीती थी, जबकि अलीगढ़ और मेरठ की सीट बसमाजवादी पार्टी के खाते में गई थी। इस बार 17 शहरों में मेयर के चुनाव होंगे। नए मेयर की सूची में शाहजहांपुर का नाम बढ़ा है। और योगी सरकार तथा भाजपा की नजर निकाय चुनाव में अपनी बढ़त को बनाए रखते हुए वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मोमेंटम बनाए रखने पर है। कुछ ऐसी ही मंशा समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की भी है। और अखिलेश यादव को भरोसा है कि वह इस बार अपने गठबंधन के साथ निकाय चुनाव में भाजपा को मेयर की कई सीटों पर हार का स्वाद चखाने में सफल होंगे। और इस संबंध में बनाया गया समाजवादी पार्टी का प्लान योगी सरकार पर भारी पड़ेगा। समाजवादी पार्टी का यह प्लान है कि निकाय चुनावों में इस बार सामान्य सीटों पर भी अतिपिछड़े, पिछड़े, दलित और मुस्लिम समाज के लोगों को चुनाव मैदान में उतरेगी। इसके साथ ही वर्ष 2017 में समाजवादी पार्टी से खफा होकर अन्य दलों में चले गाय लोगों को पार्टी में लाकर उन्हे सम्मानजनक पद देगी। इसके जनता से जुड़े मुददों को उठाते हुए योगी सरकार की जनविरोधी नीतियों का खुलासा करेंगी। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष वर्मा बताते है पिछले निकाय चुनाव से पार्टी के कई सबक सीखेहैं। जिसके चलते इस बार नया प्लान बना है। पिछली बार निकाय चुनाव में मुस्लिम वोटों का समर्थन उस तरह नहीं मिला, जितना गत विधानसभा चुनाव में मिला था। यही कारण है कि इस बार पार्टी ने शहरी इलाकों में मुस्लिम और दलित तथा अति पिछड़े समाज के वोटों पर खासा ध्यान केंद्रित किए हुआ है। पिछले निकाय चुनाव में मुस्लिम और दलित समाज ने बसमाजवादी पार्टी और कांग्रेस को अपना समर्थन दिया था। तब पार्टी के अंतर्कलह के चलते कार्यकर्ता से रोक नहीं सके थे। अब पार्टी में किसी भी तरह की कोई अंतर्कलह नहीं है। अब शिवपाल यादव भी साथ हैं, कई और पुराने नेता पार्टी में आ रहे हैं, जिसके चलते अखिलेश यादव को मेयर की कई सीटों पर जीत हासिल होने का भरोसा है। यह सीटें कौन सी है? इसका खुलासा अभी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम नहीं करते, लेकिन उनका दावा है कि भाजपा को इस बार निकाय चुनाव में झटका लगेगा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के इस दावे का आधार क्या है? इस बारे में कहते हैं, निकाय चुनाव में इस बार भाजपा का सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी से होना हैं। बसमाजवादी पार्टी और कांग्रेस निकाय चुनाव में इस बार महत्वहीन रहेगी।

आप जरूर बड़ी तैयारी के साथ निकाय चुनाव में उतर रही है लेकिन संगठन ना होने के कारण वह कोई प्रभाव नहीं डाल पाएगी। वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव की तैयारी काफी पहले ही शुरू कर दी थी। नए राजनीतिक समीकरण के साथ वह चुनाव मैदान में उतर रही है। सभी को दिख रहा है कि समाजवादी पार्टी मुखिया इस बार निकाय चुनाव में यादव-मुस्लिम के साथ दलित कांबिनेशन बनाने की कवायद में जुटे हुए हैं ।शहरी क्षेत्र का सियासी समीकरण उन्हे इसका लाभ पहुंचा सकता है, यह अखिलेश को पता है। यही वजह है कि अखिलेश यादव और बसमाजवादी पार्टी से समाजवादी पार्टी में आए तमाम नेताओं के जरिये अपने इस प्लान को प्रचारित करा रहे हैं। यही नहीं दलित समाज को अपने पाले में लाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रमुख मुखिया कांशीराम की मूर्ति का अनावरण करने के बाद अब डॉ. अंबेडकर को भी अपनाने की कवायद में हैं। अपनी इस योजना के तहत अखिलेश अब राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी के साथ 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म स्थान महू का दौरा किया था । अंबेडकर की जयंती के दिन इस दौरे को समाजवादी पार्टी के बढ़ते दलित प्रेम के रूप में देखा जा रहा है। अखिलेश को मुस्लिम समाज का वोट भी निकाय चुनाव में मिलने की उम्मीद है, क्योंकि भाजपा के पास मुस्लिम वोट पाने की पुख्ता योजना नहीं है। हालांकि विधानसभा और लोक सभा में एक भी मुस्लिम को टिकट न देने वाली भाजपा जहां इस बार मुस्लिमों पर फोकस कर रही है, लेकिन वह बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशी खड़ा नहीं करेगी। जिसके चलते अखिलेश यादव मुस्लिम वोटरों को अपने पाले में करने के लिए जोर लगा रहे हैं। अखिलेश को उम्मीद है कि जिस तरह से विधानसभा में मुस्लिम समाज ने समाजवादी पार्टी को जमकर वोट करते हुए 34 मुस्लिम विधायक चुनाव जिताया, ठीक उसी तरह से निकाय चुनावों में भी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को मुस्लिम, दलित, पिछड़े और अति पिछड़े समाज का वोट मिलेगा। जानकर बताते हैं कि समाजवादी पार्टी के पास नगर निकाय चुनाव में खोने के लिए नहीं है, लेकिन भाजपा का विकल्प बनने के लिए अखिलेश यादव दलित, मुस्लिम, अति पिछड़े और पिछड़े समाज का वोट हासिल करने के जिस प्लान पर कार्य कर रहे वह उन्हे इस चुनाव में सफलता जरूर दिलाएगा।

## कविता

### दीवारों के कान होते है

बच्चे घरों की जान होते हैं,
दीवारों के अब कान होते है।

बेईमानी ईमान है उनका अब,
बेईमानो के अलग ईमान होते है।

सियासत में होती है चालबाजी,
हुक्मरानों के कच्चे कान होते है।

पर्दा किया करो जितना हो सके,
रिश्तेदारों में हैवान होते है।

इबादत भी किया करो शिद्दत से,
खुदा कइयों से अनजान होते है।

चला करो सीधे रास्तो से हमेशा,
कई कई रास्ते सुनसान होते है।

कातिल भला बेखौफ क्यों है अब,
बचाने उन्हें सारे हुक्मरान होते है।

किस किस पर यकीन करोगे ,
सगे रिश्तो में भी शैतान होते है।

पड़ोसियों से भी रखो अच्छे संबंध
मुसीबत में वो सच्चे इंसान होते हैं।

संजीव

# लोकसभा चुनाव- क्या मुद्दा बनेगा राम मंदिर?

**आर.के.सिन्हा**

**आगामी** सितंबर के महीने में राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन के फौरन बाद से ही देश में 2024 के लोकसभा चुनावों की हलचल तेज होने लगेगी। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले राम मंदिर के द्वार दुनिया भर के राम भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। इससे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि स्थानों पर पर्यटन भी तेजी से बढेगा क इसलिए यह सवाल तो पूछा ही जाएगा कि क्या अगले आम चुनावों में राम मंदिर चुनावी मुद्दा बनेगा? जिस तरह से भाजपा राम मंदिर को लेकर जनता के बीच जा रही है उससे तो यह स्पष्ट ही है कि पार्टी इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर पेश करेगी और करे भी क्यों नहीं जो काम 500 वर्षों के समय-समय पर हुये भयंकर रक्तपातों और लाखों राम भक्तों की कुर्वानियों से भी हासिल न हो सका, वह भाजपा के शासन में आसानी से हो भी गया और किसी को चूं चपड़ तक करने की हिम्मत तक न हुई । 1980 में अस्तित्व में आने के बाद से ही राम मंदिर भाजपा की राजनीति का एक मुख्य आधार रहा है।

अगर बीजेपी इस चुनाव में सत्ता बरकरार रखने में सफल रहती है, तो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी जी ही ऐसे पहले राजनेता होंगे जिनकी अगुवाई में कोई पार्टी लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने में कामयाब होगी। वहीं कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के लिए 2024 का चुनाव एक तरह से अस्तित्व की अंतिम लड़ाई सरीखा है। इसीलिए शायद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद नजर रख रहे हैं कि राम मंदिर का निर्माण समय पर पूरा हो जाए।

बेशक,आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के बीच राम मंदिर का मुद्दा लोक सभा चुनाव 2024 के केंद्र में रहने वाला है। याद करें कि भाजपा ने एक दौर में राम औ? रोटी का नारा दिया था। आज यह नारा आगे बढ़कर सबका साथ, सबका विकास तक पहुंच गया है। पार्टी विद डिफरेंस के साथ आगे बढ़ी भाजपा आज न सिर्फ भारतीय राजनीति के केंद्र में है, बल्कि बीते एक दशक में उसने भारतीय राजनीति के सूर्य को दक्षिणायन कर दिया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे प्रखर समाजवादी चिंतक तक ने राम के आदर्श और लोक स्वीकार को महत्व दिया था। वे कहते थे, भारत के तो कण-कण में राम बसे हैं। भारत की राम के बिना तो कल्पना करना भी असंभव है। सारा भारत राम को अपना अराध्य और पूजनीय मानता है। लोहिया जी यह भी कहते थे कि भारत के तीन सबसे बड़े पौराणिक नाम - राम, कृष्ण और शिव ही हैं। उनके काम के बारे में थोड़ी-बहुत जानकारी प्रायः सभी को, कम से कम दो में एक भारतीय को तो होगी ही। उनके विचार व कर्म, या उन्होंने कौन-से शब्द कब कहे, उसे विस्तारपूर्वक दस में एक तो जानता ही होगा। कभी सोचिए, कि एक दिन में भारत में कितनी बार यहां की जनता प्रभु राम का नाम लेती है। ये आंकड़ा तो अरबों - खरबों में पहुंच जाएगा।

## विचार

# आओ उत्सव मनाएं जी

**निश्चित** रूप से हमारा देश उत्सवों का देश भी कहा जा सकता है क्योंकि हमारा देश सर्व धर्म समभाव वाला देश है ।इसलिए हर रोज कोई ना कोई उत्सव आता ही रहता है और हम लोग उसे मनाते हैं ।ये अच्छी बात है और ये बनी रहे,ऐसी दुआ भी है ।उत्सव मनाना कभी बुरा नहीं होता लेकिन हर रोज उत्सव मनाया जाए तो सम्भवतः उत्सव की महत्ता क्षीण हो जाया करती है ।पर चल रहा सब कुछ और कुछ लोग मजे ले रहे हैं,कुछ लोग परेशान हैं और कुछ लोग दार्शनिक बन गए हैं ।कुछ की दुकान एकदम से चल पड़ती है और कुछ को बैठे ठाले काम मिल जाता है ।एक दिवस संध्या समय पर सैर पर निकला था कि एक भड़के हुए मास्टर जी मिल गए ।दुआ-सलाम के बाद सीधे ही उनके श्रीमुख से निकल गया कि हमारे विभाग में तो बहुत लोग मजे लेते रहते हैं ।उन्होंने बताया कि ऐसे लगता है कि जैसे शिक्षा विभाग सही चल रहा है तो,तब कोई ना कोई ऐसा शिगूफा छोड़ दिया जाता है कि पूरे विभाग में ऐसी हलचल पैदा हो जाती है कि बेचारे मास्टर जी की तो दिल की धड़कनें इतनी बढ़ जाती हैं कि उसे हफ्ते में दो बार ईसीजी करवानी पड़ती है कि कहीं दिक्कत ज्यादा तो नहीं बढ़ गई है ।मैंने भी सहज ही पूछ लिया कि मा,साब आखिर ऐसी कौनसी बात है,जो आप इतना परेशान हुए जा रहे हैं ?तो मा'साब अपने दिल की बात खोलने लगे कि देखो जी !अभी स्कूलों में दाखिला उत्सव चल ही रहा था कि विभाग तबादला उत्सव का ऐसा राग छेड़ा कि सभी मास्टर इसी में उलझकर रह गए ।दूसरे जब परीक्षा उत्सव चला हुआ था,तब विभाग ने एकदम से पीपीपी उत्सव छेड़ दिया और मास्टर जी को गाँव-शहर की गलियों के धक्के खाने के लिए विवश किया ।वैसे भी स्कूल हर तरह के उत्सव मनाने के लिए मुफीद जगह है ।कभी जल उत्सव,कभी स्वच्छ उत्सव,कभी साइकिल मेला,कभी सांस्कृतिक उत्सव,कभी कौशल उत्सव,कभी खेल उत्सव ।जब मा'साब एक ही मात्रा में सब कहते चले जा रहे तो मैंने बीच में ही अनायास ही टोक दिया कि बस भी मास्टर जी !क्यों संध्या सैर का मजा किरकिरा कर रहे हो?

अच्छा !ये बताओ कि कभी पढ़ाई उत्सव भी होता है या फिर....इतना कहना था कि मास्टर जी की सांसें ऊपर नीचे होने लगी और बोले कि बस !यही उत्सव नहीं मनाया जाता बाकी तो सारे उत्सव मनाए जाते हैं ।आगे बढ़ते हुए मा'साब बताने लगे कि देखो पहले तो सरकार ने मॉडल स्कूल बनाए,इन्हें बनाए काफी साल नहीं बीते थे कि अब सरकार ने पीएम श्री स्कूल बनाए हैं जबकि होना यह चाहिए था कि जो स्कूल,जैसे स्कूल हैं,उन्हीं की अवस्था बदलकर बिना नाम-धाम बदले भी अच्छे किए जा सकते हैं लेकिन नहीं !कभी कोई योजना लागू की जाती है,कभी कोई योजना और गजब यह कि एक दो साल बाद वो लागू की गई योजना खुद-ब-खुद दम तोड़ देती है और फिर से आ जाती हैं नई योजना-नए कलेवर के साथ ।खैर,अब तबादला उत्सव जोरों पर हैं,कभी प्रोफाइल अपडेट करने को कहा जाता है,कभी नए फंडे के तौर पर ब्लॉक चयन करवा लिया जाता है ।वैसे तबादले उत्सव से याद आया कि बेचारे जेबीटी मास्टर तो पिछले कई सालों से इस उत्सव को मना नहीं पा रहे हैं ।खैर,अबकी बार लगता है कि वो भी तबादला उत्सव मना लेंगे ।तभी घर जाने का समय हो गया और मा'साब बोले चलो जी,घर चलते हैं पर चलते-चलते उन्हीं के साथ शाम की सैर को निकले उन्हीं के विभाग से जिनका शोषण मात्र दस-बारह हजार के वेतन पर हो रहा है,उन्होंने कोई राजनीति का मुद्दा छेड़ दिया ।मा'साब तपाक से बोले कि अरे छोड़ो !

राजनीति अपने बस की बात नहीं है,कुछ अन्य विषय चलाओ ।खैर,मास्टर जी उत्सव मनाने में काफी एक्पर्ट हो गए हैं,ऐसा मुझे लगा?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# माफियागिरी @ एनकाउंटर

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर आतंकवाद गुंडागर्दी माफियागिरी सहित आपराधिक गतिविधियों से हर देश परेशान है और अपने अपने स्तरपर नीतियां रणनीतियां बनाकर उनका मुकाबला कर रहे हैं। इन उपरोक्त अपराधियों की अंतरराष्ट्रीय स्तरपर चैनल बनी रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता तथा उन्हें सुख सुविधाएं वित्तपोषण पैसों की फंडिंग सहित हथियारों खतरनाक वस्तुओं की आपूर्ति की चैनल से भी इनकार नहीं किया जा सकता जिसे चाकचौबंद तरीके से अंजाम दिया जाता है, इसीलिए ही 1923 में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन याने इंटरपोल की स्थापना की गई थी जिसमें आज 195 देश सदस्य हैं जो दुनिया के मोस्ट वांटेड अपराधियों के खिलाफ सात प्रकार के नोटिस जारी कर सकते हैं। प्रतिवर्ष यह विभिन्न मुद्दों पर सम्मेलन आयोजित करता है जिसमें सभी देशों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं इसी क्रम में, पिछली बार 1997 में हुई इंटरपोल की महासभा इस वर्ष 25 वर्षों के बाद 18 से 21 अक्टूबर 2022 तक यह इंटरपोल की 90 वीं महासभा नई दिल्ली भारत में आयोजित की गई थी, जिसमें सभी दिग्गज देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। हमारे माननीय पीएम महोदय ने 18 अक्टूबर 2022 को महासभा को संबोधित किया था और 21 अक्टूबर 2022 को माननीय केंद्रीय गृहमंत्री समापन समारोह को संबोधित किया था। भारत में कुछ वर्षों से माफियागिरी और एनकाउंटर बहुत चर्चा में है। चूंकि दिनांक 13 अप्रैल 2023 को यूपी के एक बड़े माफिया के बेटे का एनकाउंटर हुआ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यमसे चर्चा करेंगे,माफियागिरी एट द रेट ऑफ इनकाउंटर, अपराधियों में डर का माहौल सुरक्षा एजेंसियों के लिए संजीवनी बूटी। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो यहां दशकों से आपराधिक गतिविधियां तो है ही परंतु, उसका रूपांतरण कुछ वर्षों से माफियागिरी के रूप में हो चला था और जन सामान्य से ही हफ्ताखोरी, जमीन कब्जे रूपी गतिविधियों में धन संपन्न होने के बाद माफियागिरी राजनीति गतिविधियों तक पहुंची और फिर स्थानीय निकायों से लेकर विधानसभा राज्यसभा और लोकसभा तक अपनी पैंठ के साथ पहुंचे और फिर सदस्यता तक मिल गई।

# नौटंकीलाल की देशभक्ति

**डॉ. सुरेश कुमार**

**नौटंकीलाल** साहब ने देशभक्ति की नई पाठशाला खोल रखी है। सोचा मैं भी प्रवेश ले लूँ। किसे मालूम बैठे बिठाए महात्मा गांधी, नेहरु, सरदार पटेल, भगत सिंह, चंद्रशेखर, सुभाष चंद्र बोस ही बनने का मौका मिल जाए! इनमें से कुछ बनने का अवसर न भी मिले तो कोई बात नहीं कम-से-कम भारत रत्न, पद्म भूषण, पद्मश्री के योग्य तो अवश्य बन जाऊँगा। वैसे भी इन दिनों देशभक्त बनने का शौक सर चढ़कर बोल रहा है। अब तो बित्ते भर के बच्चे अपने शौकों में खेलना-कूदना हटाकर देशभक्ति लिख रहे हैं। बड़े-बुजुर्ग होते तो कुछ बात होती, ये बित्ते भर के बच्चों से देशभक्ति में होड़ लेना और उसमें भी हार जाने का डर बना रहे तो इससे ज्यादा शर्मनाक बात क्या हो सकती है। ऐसी ही किसी शर्मिंदगी से बचने-बचाने के लिए गाँव-गाँव और शहर-शहर कुकुरमुत्तों की तरह देशभक्ति कोचिंग सेंटर खुल गए हैं। मैं तो बड़ा सौभाग्यशाली हूँ कि मेरे दूर के किसी रिश्तेदार के रिश्तेदार नौटंकीलाल से मेरा परिचय हो गया। उनकी देशभक्ति की गाथा बड़ी गौरवशाली है। अंग्रेजों की तरह बेहया, बेशर्म, बेकाबू नाखूनों को काटकर उन्होंने अपनी देशभक्ति का जो परिचय दिया है, उसके बारे में जितना लिखा जाए कम है। तीन दर्जन से अधिक किताबों में उनकी नाखून शहादत गाथा चीख-चीखकर बयान करती है। ऊपर से इन किताबों की टीका की टीका लिख-लिखकर सौ से अधिक किताबें हो गयी हैं। मेरा अहोभाग्य कि ऐसे जमाने में जहाँ पुलिस, सेना में भर्ती के लिए पैसे लेकर लोग मुकर जाते हैं, वैसे जमाने में नौटंकीलाल जैसे महान देशभक्त ने मुझसे कुछ रुपए लेकर ईमानदारी से अपनी देशभक्ति पाठशाला में मेरी एक सीट उठाकर रख दी है। देशभक्ति पाठशाला का प्रवेश द्वार अत्यंत भव्य है। द्वार के इधर-उधर दो महान देशभक्तों की मूर्तियाँ लगी हुई हैं। नौटंकीलाल चाहते तो अपना भी लगा सकते थे। फिर ख्याल आया कि पाठशाला से अच्छा है किसी स्टेडियम का नाम होता।

जब भी टीवी में सीधा प्रसारण होता बार-बार उनका नाम चलाया जाता। जीते जी अपनी मूर्ति न लगवाने का उनका त्याग इतिहास के पन्नों में बड़े आदर के साथ दर्ज किया जाएगा।

# पार्षद जितेंद्र राठी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

**इनेलो** की परिवर्तन पद यात्रा के बहादुरगढ़ आगमन को लेकर युवा इनेलो नेता व वार्ड नंबर-9 से पार्षद जितेंद्र राठी ने शहर के छोटूराम नगर में इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता डॉ. सुखबीर सिंह राठी ने की। बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन पदयात्रा का बहादुरगढ़ में भव्य स्वागत किए जाने की बात कही। पार्षद जितेंद्र राठी ने कहा कि बहादुरगढ़ में परिवर्तन पद यात्रा 18 अप्रैल को पहुंच रही है। यात्रा के भव्य स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परिवर्तन पद यात्रा को लेकर इनेलो कार्यकताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा को लेकर युवा वर्ग काफी जोश नजर आ रहा है, क्योंकि भाजपा-जजपा सरकार ने युवाओं के



भविष्य को बेरोजगारी के अंधकार में धकेल दिया है, जिस कारण पढ़ा लिखा युवा बेरोजगारी के दलदल में फंसता जा रहा है। उन्होंने बताया कि इनेलो द्वारा शुरू की गई परिवर्तन पद यात्रा को जनता का पूरा प्यार व साथ मिल रहा है, क्योंकि परिवर्तन पद यात्रा ही प्रदेश की जनता को भाजपा के कुशासन से निजात दिलाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस परिवर्तन पद यात्रा में हिस्सा लेकर इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के हाथ मजबूत करने का काम करें। युवा इनेलो नेता जितेंद्र राठी ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को लूटने के अलावा कुछ नहीं किया। भाजपा ऐसी जनविरोधी नीतियां लागू करती है, जिससे आम जनता का जीना मुहाल हो रहा है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन भाजपा नेता विकास का झूठा ढिंढोरा पीटकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। इनेलो की सरकार आने पर प्रदेश में लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी।

**8 भविष्य में भी इनेलो की सरकर आने के बाद छोटूराम नगर समेत पूरे हलका का चंहुमुखी विकास कराया जाएगा**

उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ की बाहरी कॉलोनियों को सबसे ज्यादा अच्छे परिवर्तन की जरूरत है। छोटूराम नगर का विकास सर्व प्रथम इनेलो शासनकाल में शुरू हुआ था, जिसके तहत बिजली का ट्रांसफार्मर लगाया गया था और अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई गई थी। भविष्य में भी इनेलो की सरकर आने के बाद छोटूराम नगर समेत पूरे हलका का चंहुमुखी विकास कराया जाएगा। बैठक में सूरज सिंह, हरिकर्ण, संतोष, रजनी, लखेंद्र, निषाद, सोनी, कौशल, अमित चौधरी, पप्पू गुप्ता, अजीत राठी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद कौशिक ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सांसद** रमेश कौशिक ने शनिवार को नगर निगम क्षेत्र के लगभग 35 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया, जिनमें एल्डीको कालोनी में ओपन जीम, राई औद्योगिक क्षेत्र में गली का निर्माण, मुरथल स्थित श्री राम कृष्ण साधना केन्द्र में शेड व फ्लोर का निर्माण, ममता मार्डन स्कूल में विकास कार्य तथा पंजाबी धर्मशाला में विभिन्न विकास कार्य शामिल हैं। इस दौरान सांसद कौशिक ने कहा कि कोई भी व्यक्ति उनके पास सार्वजनिक कार्य लेकर आता है तो उनका प्रयास रहता है कि उसको तुरंत पूरा करवाया जाए। सांसद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष एमपी कोटे का पूरा पैसा लोगों के विकास के लिए खर्च किया जाता है ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। लोगों के विकास कार्यों को पूरा करने में कोई देरी नहीं की जाती सभी कार्यों को निश्चित समय में पूरे किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व हरियाणा सरकार अंत्योदय उत्थान की भावना से कार्य कर रही है ताकि समाज के गरीब व्यक्ति को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके और वह अपने जीवन में आगे बढ़ सके। इस मौके पर नगर निगम से एक्सईएन पंकज सैनी, एसडीओ अमित कुमार व अभिषेक, एई नरेन्द्र, जेई परविन्द्र, नगर निगम पार्षद पुनीत राई, प्रताप छतेहरा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### व्यापार मेले में स्टॉल नंबर 15 पर मिलेगा जिला कारागार के कैदियों द्वारा तैयार सामान



**सोनीपत :** जिला पुलिस लाईन ग्राउंड में जिला व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों तथा जिला की मशहूर कंपनियों ने अपने सामान की बेहतरीन स्टॉल लगाई हुई है। अगर आप जिला व्यापार मेले में धूमने आए है तो स्टॉल नंबर–15 पर अवश्य जाएं क्योंकि वहां आपको जिला कारागार के कैदियों तैयार लकड़ी से निर्मित सामान में की गई हस्त शिल्प कला की बेहतरीन कलाकारी देखने को मिलेगी। स्टॉल पर मौजूद जेल वार्डर महाबीर सिंह ने बताया कि जिला कारागार के टैक्रिकल मास्टर मंजीत की देख–रेख में जेल कैदी अपनी बेहतरीन कलाकारी से सामान तैयार करते हैं और उन्हें लोगों के सामने प्रस्तुत करते हैं। जेल वार्डर ने बताया कि इस वर्ष सूरजकुंड मेले में भी सोनीपत जेल कैदियों द्वारा बनाए गए लकड़ी के सामान की काफी चर्चा रही थी। उन्होंने बताया कि सूरजकुंड मेले में कुल 08 लाख रुपए का समान बेचा गया और आर्डर बुक किए गए। जेल वार्डर ने बताया कि जेल में इस कार्य को करने वाले कैदियों को नियमानुसार सरकार भत्ता दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस समय उनके पास रॉकिंग चेयर, फोल्डिंग टेबल, ऑफिस चेयर सहित सजावटी सामान उपलब्ध है, जिसे आम दामों में लोग खरीद सकते है। इस स्टॉल पर इतने बेहतरीन सजावटी लकड़ी सामान है जिसे अगर आप अपने घर में ले जाकर रखोगे तो हर कोई उसकी तारीफ करने से पीछे नहीं हटेगा। इस मौके पर स्टॉल पर हैड वार्डर जगबीर सिंह भी मौजूद रहे।

### राजीव गुप्ता बने भाजपा (व्यापार मंडल) सोनीपत के जिला अध्यक्ष



**सोनीपत :** पीडब्लूडी रेस्ट हॉउस सोनीपत में राजीव गुप्ता को जिला भाजपा (व्यापार मंडल) सोनीपत का जिला अध्यक्ष चुना गया तथा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर विधायक मोहन लाल बडौली,पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन,जिला अध्यक्ष( भाजपा)तीर्थ राणा ,डॉ ओम प्रकाश अत्रे, सीता राम भारद्वाज( वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी) महिला मोर्चा से सुनीता लोहचब,किरन बाला,सुभाष चौक मार्केट के प्रधान विनोद गुप्ता, गीता भवन मार्केट के प्रधान सतीश सरदाना,नरेंद्र धवन, भाजपा समर्थन मंच के अध्यक्ष वासुदेव सुखीजा,रेलवे रोड मार्केट प्रधान रुपिंदर, काठ मंडी के प्रधान नवीन मंगला, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष रवि मित्तल, राजीव अग्रवाल, योगेश जैन, शरण बंसल, नितिन जैन,त्रिभुवन कौशिक, देवेन्द्र हूडा, किसान मोर्चा से जे पी शर्मा, रविन्द्र दिलावर,आजाद नेहरा,नरेंद्र राणा,अनिल जैन, पूर्व संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ संजय वर्मा,नीरज शर्मा,सुरेश पाराशर,हिमांशु त्रिवेदी,सुरजीत जैन@दहिया,भाजपा मीडिया प्रभारी नीरज अत्रे,हॉकी हरियाणा के उपाध्यक्ष सुनील मलिक, गोहाना से रविन्द्र गर्ग, डॉ आदिश जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने राजीव गुप्ता जी को फूलमलाएं पहनाकर नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### नाबालिग लड़की से छेड़खानी की घटना में संलिप्त आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोहाना : जिले** के थाना सदर गोहाना की पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी राजू पुत्र रतन सिंह निवासी धुराना जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 14 अप्रैल को जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना सदर गोहाना में शिकायत दी थी कि राजू पुत्र रतन सिंह निवासी धुराना ने मेरी नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया है।

# '2024 में मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री'

**टीम एक्शनन इंडिया/सोनीपत**

भारतीय जनता पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार एक बार फिर से मोदी सरकार, एक बार फिर भाजपा सरकार के स्लोगनों से सोनीपत विधान सभा में दीवार लेखन का कार्य शुरू कर दिया गया है। पार्टी के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जे0पी0 नड्डा ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्र में दीवार लेखन करवाने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कार्यकर्ताओं के साथ इस अभियान का शुभारम्भ करते



हुए कहा कि 2024 में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने इसके लिए कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। शहर में लगभग 200 से ज्यादा स्थानों पर दीवार लेखन करवाया जायेगा ताकि कमल का फूल हर मतदाता तक पहुंच सके। राजीव जैन ने कहा कि जहां विपक्षी दल इकट्ठे होकर मोदी के खिलाफ मोर्चा बनाने की तैयारी कर रहे हैं वहीं भाजपा अपने संगठन को मजबूत करते हुए चुनावी अभियान को धार देने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की स्थिति चोर-चोर मौसेरे भाई वाली है क्योंकि कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर तथा क्षेत्रीय दलों का अपने-अपने राज्यों में लूट-खसोट, झूठ और फरेब का शासन जनता भुगत चुकी है इसलिए किसी भी कीमत पर इनकी दाल गलने वाली नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि हर बूथ पर पन्ना प्रमुख बनाने का काम तेजी से चल रहा है और 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। पन्ना प्रमुखों की वैरिफिकेशन करवाकर उन्हें पहचान पत्र दिये जायेंगे और इसके बाद सभी का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित कर वरिष्ठ नेता विजय अभियान के लिए दिशा निर्देश देंगे।

# नेहरू युवा केन्द्र 25 अप्रैल को करेगा युवा उत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**


आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार जिला नेहरू युवा केंद्र द्वारा 25 अप्रैल को हिंदू कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में पांच अलग-अलग विधाओं कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता , सांस्कृतिक नृत्य ग्रुप प्रतियोगिता में जिले भर से युवा भाग ले सकते हैं। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को आने वाले समय में राज्य स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम की हर विधा में विजेता प्रतिभागियों के लिए नगद पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं मेडल के साथ-साथ स्वयं को राज्य स्तर पर प्रस्तुत करने का एक बेहतरीन अनुभव भी होगा।

# वर्तमान सरकार से समाज का हर वर्ग परेशानः पदम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

सेक्टर-23 सोनीपत में आयोजित सत्याग्रह संविधान बचाओ रैली में भारी संख्या में पहुंचने पर पूर्व विधायक पदम दहिया ने लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि रैली में इतनी बड़ी भीड़ में लोगों के जोश व उत्साह ने दिखा दिया कि आने वाला समय चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व भाई दीपेन्द्र हुड्डा का होगा। उन्होंने कहा कि रैली में लोगों द्वारा लगाए गए नारे इस बात का गवाह हैं कि जनता दीपेन्द्र हुड्डा को चाहती है और हर समय उनके साथ खड़ी है।

पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार से लोग इस



तरह दुखी है कि समाज का किसान, मजदूर, कर्मचारी तथा सरपंच धरना पदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार ने तानाशाही रूख अपना रखा है जो किसी की भी नहीं सुनती।

# बाइकर्स ने गन प्वाइंट पर दंपत्ति से मारपीट कर लूटी कार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

बाइकर्स ने देर रात शादी समारोह से लौट रहे दंपत्ति की कार गन प्वाइंट पर लूट ली।झज्जर का परिवार करनाल में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था।वह रात में डेढ़ बजे कामी चौक पर रास्ता पूछने के लिए रुके थे। बाइकर्स ने दंपत्ति से मारपीट भी की। वह कार में सोती हुई दंपत्ति की दोनों बच्चियों को लेकर जाने लगे। पति-पत्नी ने हाथ-पैर जोड़कर बामुश्किल बच्चियों को कार से उतारा। पुलिस ने घंटों तक बदमाशों की तलाश कराई, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। कार में 16 हजार कैश, महिला के कानों के बाले और मोबाइल फोन भी था। झज्जर जिले के गांव ग्वालीसन के रहने वाले संदीप कुमार ने बताया कि उनके चचेरा भाई सतेंद्र उर्फ भोलू करनाल में रहते हैं। उसके यहां पर शादी समारोह का आयोजन था। वह अपनी पत्नी अंजली ओर दो बेटियों पल्लवी (3) व पीहू (10 माह) के साथ शादी में शामिल होने करनाल गए थे। वह रात को ही शादी समारोह से वापस अपने घर झज्जर के लिए चल दिए थे। उनके पास अपनी टाटा पंच गाड़ी थी। वह

रात में करीब डेढ़ बजे सोनीपत पहुंच गए। वह रास्ता भटक कर शहर के कामी चौक पर जा पहुंचे।रास्ता भटक जाने के चलते वह कार रोककर वहीं पर खड़े हो गए और किसी राहगीर की प्रतीक्षा करने लगे। उसी समय एक बिना नंबर की बाइक पर तीन युवक वहां पर पहुंचे। वह उनके पास रुके तो वह रास्ता पूछने लगे। इसी बीच एक लड़के ने उनकी गाड़ी की चाबी निकाल ली और दूसरे ने कनपटी पर पिस्टल सटा दी। उनके तीसरे साथी के बाद बंदूक का डोगा था। उससे संदीप की पत्नी को घेर लिया। उन्होंने संदीप और उनकी पत्नी के साथ मारपीट की और दोनों को कार से खींचकर सड़क पर गिरा दिया। इस दौरान बदमाश कार लेकर जाने लगे।

### शनिवार को मिले कोरोना से संक्रमित 26 केस

**सोनीपतः उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि शनिवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 26 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 22 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60089 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 696 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 116 कोरोना एक्टिव केस है।

# जीवन में कामयाब होने के लिए जनून व जज्बे की जरूरतः डॉ० वंदना

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रंखला में जिला प्रशासन द्वारा जिला पुलिस लाईन ग्राउंड में युवाओं को अपने जीवन में कुछ नया करने की राह दिखाने के लिए 18 अप्रैल तक जिला व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में जिला की विभिन्न मशहूर कंपनियों ने अपनी स्टॉल लगाई हुई है, जिनका फायदा जिला के नागरिक मेले में आकर ले सकते हैं। मेले के दूसरे दिन मुख्य स्टेज पर एक सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में सेक्टर-12 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्रो० डॉ० वंदना नासा ने उपस्थित विद्यार्थियों व युवाओं में जोश भरने और



जीवन में आगे किस प्रकार बढ़ा जाए इन सभी का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में कामयाब होने के लिए उम्र नहीं जनून व जज्बे की जरूरत है क्योंकि आज का समय इतना कुशल समय है कि आज विद्यार्थियों को हर अच्छी चीज इंटनेट के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि इसी इंटरनेट का प्रयोग अगर विद्यार्थी अच्छे कार्य के लिए करेगा तो उसकी तकदीर बदलने में देर नहीं लगेगी।

डॉ० वंदना नासा ने अपने वक्तव्य के दौरान तीलक मेहत्ता के जीवन के बारे में बताया कि इस बच्चे ने मात्र 13 साल की उम्र में पेपर एंड पेंसिल के नाम से 100 करोड़ रुपए की कंपनी बना दी। जिसने आज हजारों लोगों को रोजगार दे रखा है। यह कंपनी सामान को डिलवरी करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि अगर यह बच्चा यह सोचता कि उसकी उम्र अभी बिजनेस करने की नहीं है तो वह अपने जीवन में इतनी बड़ी उपलब्धि नही हासिल कर पाता। लेकिन इस बच्चे ने अपनी उम्र नहीं अपने अंदर के कौशल को पहचाना और दिन-रात मेहनत कर इतनी बड़ी कंपनी खड़ी कर दी और युवाओं व बच्चों के लिए आदर्श चेहरा बनकर उभरा।

# जीवीएम की एनएसएस की छात्राओं ने एमडीयू में जीते दो पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**संविधान** निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (एमडीयू) में आयोजित विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताओं में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की एनएसएस की छात्राओं ने दो पुरस्कार अपने नाम किये हैं। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कालेज का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

जीवीएम की एनएसएस इकाई की प्रभारी प्राध्यापिका डा. रूचिका विरमानी ने बताया कि एमडीयू में बाबा साहब डा. बीआर अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें सेमिनार के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जीवीएम की एनएसएस की छात्राओं ने भी समारोह में हिस्सा लिया।

साथ ही प्रतियोगिताओं में भी भाग लेते हुए सफल प्रदर्शन किया। डा. बीआर अंबेडकर पर आधारित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत जीवीएम की एनएसएस की छात्रा खुशी ने पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार जीता, जिसके चलते खुशी को 1100 रुपये की नगद पुरस्कार राशि व प्रमाण पत्र से सुशोभित किया गया। इसी प्रकार नारा लेखन में जीवीएम की एनएसएस की छात्रा भावना ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप 750 रुपये का नगद पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। एनएसएस प्रभारी रूचिका विरमानी ने बताया कि सेमिनार में भी वक्ताओं ने बाबा साहब के प्रेरक प्रसंगों का उदाहरण देते हुए युवाओं को उनका अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। डा.अंबेडकर ने विश्व में भारत का नाम रोशन किया है, जिन्होंने कई डाक्टरेट की उपाधियां हासिल की और बहुत सारे विभिन्न विषयों में मास्टर डिग्री प्राप्त की। वे बहुत-सी भाषाओं के ज्ञाता थे। आज भी शायद उनके जितना पढ़ा-लिखा कोई नहीं है। साथ ही उन्होंने सामाजिक बुराइयों तथा छूआछूत के खिलाफ भी आंदोलन चलाते हुए वंचित वर्गों को उनके अधिकार दिलाये।

प्रभारी प्राध्यापिका रूचिका ने कहा कि हर किसी को चाहिए कि वह बाबा साहब पर लिखी पुस्तकें पढ़ें। भारत के संविधान निमार्ता की रचित पुस्तकों का अध्ययन भी अवश्य करना चाहिए।

# विद्यार्थी ग्यारहवीं में विषयों का चयन सोच समझ कर करें : संजय जैन

**अपनी अभिरुचि व क्षमता के अनुसार ही करें विषयों का चयन, ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग सेशन का किया आयोजन**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग सेशन का विशेष आयोजन किया गया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने इस विशेष सत्र का शुभारंभ किया । सुधीर जैन ने कहा कि 10वीं पास करने के बाद अक्सर विद्यार्थी ग्यारहवीं में विषयों के चयन को लेकर भ्रम की स्थिति में होते हैं। जबकि विद्यार्थी जीवन में कैरियर प्लानिंग के लिए सबसे उपयुक्त समय 11 वीं में दाखिला लेने का समय ही होता है । उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की इसी उलझन को दूर करने के लिए विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया ।

स्कूल के सीईओ व तकनीकी विशेषज्ञ संजय जैन ने कैरियर काउंसलिंग सेशन में खास तौर पर 11 वीं कक्षा में आने वाले विद्यार्थियों से संवाद किया और उनसे पूछा कि विषयों के चयन को लेकर उनका आधार क्या है और वे आगे चलकर अपने जीवन में क्या करना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया किया कि खास तौर पर 10 वीं बोर्ड परीक्षा के बाद से ही



ग्यारहवीं में विषयों के चयन को लेकर गंभीर हो जाएं । संजय जैन ने कहा कि छात्र-छात्राएं सबसे पहले स्वयं का आकलन करें । वे अपनी बौद्धिक क्षमता को पहचानें, अपने पसंद के विषयों पर गौर करें । साथ ही यह चिंतन मनन भी करें कि उन्हें आगे चलकर किस क्षेत्र में जाना है। इस कार्य में वे अपने शिक्षकों व अभिभावकों से भी मदद ले सकते हैं । अगर इसके बाद भी वे उलझन में हैं तो वे स्कूल में होने वाले कैरियर काउंसलिंग सेशन में हिस्सा लेकर अपनी उलझनों को दूर करें। उन्होंने कहा कि एक प्रचलित ट्रेंड है कि विद्यार्थी अगर दसवीं में अच्छे अंक लाते हैं, तो साइंस का चयन करते हैं और कम अंक आने पर कॉमर्स व आट्र्स लेने की सोचते हैं। महज अंकों के आधार पर विषयों के चयन का तरीका सही नहीं है। कई बार विषयों के चयन में वशांनुगत आधार पर भी निर्णय ले लिए जाता है । लेकिन यह जरूरी नहीं है कि पिता डॉक्टर हैं तो उनके बेटे या बेटी को भी डॉक्टर ही बनना चाहिए । उन्होंने कहा कि साइंस, आट्र्स हो या कॉमर्स सभी क्षेत्रों कैरियर के ढेरों विकल्प मौजूद हैं । इसलिए विद्यार्थी अपनी क्षमता के अनुसार विषय का चयन करें। गणित के साथ 12वीं करने के बाद वे आईआईटी, एनआईटी आदि से इंजीनियरिंग कर सकते हैं। कला व कॉमर्स में 12वीं के बाद अच्छे कालेजों से स्नातक कर सकते हैं । विद्यार्थी एनडीए, बीबीए, बीसीए, फैशन डिजाइनिंग, लॉ आदि के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं । खास तौर पर कॉमर्स में फाइनेंस, अकाउंटेंसी, मैनेजमेंट और इकोनॉमिक्स विद्यार्थियों को सीए, सीएस आदि कर आगे बढ़ने का अवसर देगा।

# 'मैं भ्रष्टाचारी हूं तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं'

## केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ईडी और सीबीआई पर कई आरोप लगाए

### पीएम पर निशाना

= सच कुछ नहीं मिला। शराब घोटाला कुछ नहीं है। झूठ बोलकर मनीष सिसोदिया को फंसाने की कोशिश की: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने शराब घोटाला मामाले में समन भेजा गया है। इसके बाद शनिवार को अरविंद केजरीवाल सामने आए और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ईडी और सीबीआई पर कई आरोप लगाए हैं। केजरीवाल ने ये भी कहा कि जिन 14 फोन के तोड़े जाने का दावा ईडी-सीबीआई कर रही है वह सभी जिंदा हैं। केजरीवाल ने ईडी की जांच की रिपोर्ट दिखाते हुए कहा कि इनके डॉक्यूमेंट में है कि मनीष सिसोदिया ने 14 फोन तोड़ दिए और उन्हीं की सीजर रिपोर्ट कहती है कि उसमें से चार फोन ईडी के पास है। वहीं एक फोन सीबीआई के पास है, इस तरह से पांच फोन तो जांच एजेंसियों के पास ही हैं। अन्य भी जिंदा ही है जिसे टूटा हुआ बताया गया है। केजरीवाल ने कहा, कोई न कोई इस्तेमाल कर रहा है। कोई न कोई वॉलेंटियर यूज कर रहा है। इसकी जानकारी ईडी और सीबीआई को भी पता है। ईडी और सीबीआई ने कोर्ट में शपथ पत्र देकर झूठ बोला। सच कुछ नहीं मिला। शराब घोटाला कुछ नहीं है। झूठ बोलकर मनीष सिसोदिया को फंसाने की कोशिश की।

**ये रोज किसी न किसी को पकड़ लेते हैं:** मुख्यमंत्री ने आगे आरोप लगाया, रोज किसी न किसी को पकड़ लेते हैं, उन्हें टॉर्चर करते, धमकी देकर, थर्ड डिग्री देकर मनीष सिसोदिया, केजरीवाल का नाम लेने को कहते हैं। कोई चंदन रेड्डी हैं, जिसे खूब मारा। मेडिकल रिपोर्ट में कहा है कि पेशेंट ने दोनों बताया कि 16 और 17 सितंबर को मारा, सुनाई नहीं दे रहा। जांच में पता चला कि दोनों कान में चोट है, कान के पर्दे फट गए। चंदन रेड्डी पर क्या कहने का दबाव डाला गया, उसे किस कागज पर साइन करने को कहा गया? अरुण पिल्लई हैं कोई, उन्हें धमकी दी, टॉर्चर किया। समीर महेंद्रू से टॉर्चर कर बयान लिया, मनस्वी, रौशन को टॉर्चर कर बयान लिए।

**'परिवार पर दबाव डालकर दिल्ली के मंत्रियों का नाम लेने को कह रहे':** एक ऐसा व्यक्ति है, जिसे एक कमरे में बैठा रखा था, दूसरे कमरे में उसकी पत्नी और पिताजी को बैठा रखा था।

### 'प्रधानमंत्री के लिए भ्रष्टाचार मुद्दा नहीं है'

**ऐसा** शख्स जो देश का प्रधानमंत्री सिर से पैर तक भ्रष्टाचार से डूबा है, उसके लिए भ्रष्टाचार मुद्दा नहीं है। कल सत्यापाल मलिक ने कहा कि मोदी को भ्रष्टाचार से परहेज नहीं है। वो मोदी के खास थे, उन्हें मेघालय, गोवा और जम्मू-कश्मीर का गवर्नर बने। उन्होंने बताया कि कुछ मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार करते हैं। वो पैसा ऊपर भेजते हैं, जो दोस्तों की कंपनियों में निवेश करते हैं।

**'पहले नंबर 2 और 3 को किया गिरफ्तार अब मेरी गर्दन तक पहुंचना चाहते हैं':** ऐसा व्यक्ति जो इतना भ्रष्टाचार कर रहा है, उनके लिए भ्रष्टाचार मुद्दा नहीं है। 75 साल में जितनी टारगेट आम आदमी पार्टी को किया, ऐसा किसी को नहीं किया। पहले नंबर 2 और फिर नंबर 3 को गिरफ्तार कर लिया। ये मेरी गर्दन तक पहुंचना चाहते थे। गुजरात में 30 साल से बीजेपी की सरकार है, मोदी भी मुख्यमंत्री रहे। उनके सरकारी स्कूल ठीक नहीं है। मोदी जी को सरकारी स्कूल में जाना था, तो टेंपरेरी स्कूल बनाया। प्रधानमंत्री अच्छी शिक्षा की उम्मीद को कुचलना चाहते हैं। यदि स्कूल बनाने पड़े और अस्पताल बनाने पड़े, तो लूटने के लिए पैसा नहीं मिलेगा। सीबीआई में जाऊंगा, केजरीवाल चोर है, भ्रष्टाचारी है, तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है।

# केजरीवाल सरकार ने बुलाया एक दिन का विशेष विधानसभा सत्र



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। दिल्ली विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र सोमवार (17 अप्रैल) को सुबह 11 बजे बुलाया गया है। आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई की नोटिस मिलने के बाद दिल्ली की सियासत एक बार फिर गर्म हो गई। आम आदमी पार्टी (आप) ने केजरीवाल को भ्रष्टाचार का काल बताते हुए नोटिस को भाजपा व केंद्र सरकार की साजिश करार दिया है। आबकारी नीति में कथित घोटाले में सीबीआई रविवार को 11 बजे केजरीवाल से पूछताछ करेगी। पार्टी ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला है। वहीं, भाजपा ने आप के बयानों को हताशा भरा बताते हुए आबकारी नीति में बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भाजपा का कहना है कि वह दिन दूर नहीं, जब आप सरकार के दो पूर्व मंत्रियों मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन के साथ केजरीवाल भी एक ही बैरक में होंगे। उधर, कांग्रेस का कहना है कि उनकी शिकायत के बाद ही मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने भाजपा की केन्द्र के शहरी विकास मंत्रालय के एल एंड डी विभाग द्वारा बिना नोटिस ढहाई गई बंगाली मार्केट की मस्जिद के घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान मास में मस्जिद को अवैध निर्माण का नाम देकर बिना किसी नोटिस अथवा पूर्व सूचना के बुलडोजर चलाकर तोड़ना बेहद दुखद है।

# लूटपाट के विरोध पर सुआ घोंपकर युवक की हत्या

## फरार बदमाशों की पहचान में जुटी पुलिस, एक कंपनी में गार्ड की नौकरी करता था मृतक




### जांच जारी

= बदमाशों ने घेर लिया और लूटपाट करने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर बदमाश ने उसके सीने पर सुआ घोंप दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**खजूरी** खास इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने सरेराह एक युवक वरुण (27) निवासी सोनिया विहार की सुआ घोंपकर हत्या कर दी। घायल युवक को एक राहगीर ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस फरार बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। मृतक की सोनिया विहार के बी ब्लाक में परिवार के साथ किराये के मकान में रहता था। वह शिवाजी स्टेडियम के पास एक कंपनी में गार्ड की नौकरी करता था। परिवार वालों ने बताया कि वह अपनी बीमार बहन करुणा को देखने भजनपुरा जा रहा था। बस से खजूरी चौक पर उतरने के बाद उसने दुकान से नारियल पानी खरीदा और पैदल ही बहन के घर की ओर जाने लगा। इस दौरान बदमाशों ने उसे घेर लिया और उससे लूटपाट करने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर एक बदमाश ने उसके सीने पर सुआ घोंप दिया। वरुण वहां से भागा तो बदमाश ने उसकी कमर के पास सुआ से दो बार हमला कर दिया। इसे बाद वहां सूचना पर आई पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाश की पहचान कर ली जाएगी। वह गिरफ्त में होंगे।

**खून से लथपथ वरुण को देखकर की मदद:** बदमाशों के हमले से बुरी तरह घायल वरुण सड़क पर गिर गया। इसी दौरान खजूरी खास निवासी करण अपनी स्कूटी से गुजर रहा था। वरूण को सड़क पर खून से लथपथ हालत में देखकर वह मदद करने के लिए रुका। उसने देखा कि लोग वहां से गुजर रहे थे, लेकिन कोई भी वरुण को उठाने या उसे अस्पाल में ले जाने के लिए तैयार नहीं था। करण ने लोगों की मदद से वरुण को वहां से उठाया और एक वाहन से उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे उसे ट्रॉमा सेंटर में रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि करण ने एक अच्छे शहरी का फर्ज निभाते हुए घायल वरुण को अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि वरुण की जान नहीं बच सकी। करण गुरुग्राम के एक साफ्टवेयर कंपनी में काम करता है।

# सड़क हदासे में सफाई कर्मी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** कीर्ति नगर से हिट एंड रन का मामला सामने आया है, जिसमें एक सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कीर्ति नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब साढ़े 6 बजे कीर्ति नगर में दुर्घटना के संबंध में पीसीआर पर कॉल आई। शुरूआती जांच में पता चला कि मृतक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। मृतक की पहचान राजकुमार निवासी रघुवीर नगर, दिल्ली उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है।

**कर्मचारी सड़क पर कर रहा था सफाई:** पूछताछ में पता चला है कि वह एक एमसीडी कर्मचारी था जो सुबह-सुबह ड्यूटी पर था और किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पहले सड़क की सफाई कर रहा था।

# सीबीआई के हत्थे चढ़ा दिल्ली पुलिस का रिश्वतखोर एएसआई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय जां**च ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के एक सहायक उप-निरीक्षक को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने एएसआई को एक महिला से एनडीपीएस मामले में कथित रूप से 30 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

**30 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एएसआई गिरफ्तार:** जानकारी के अनुसार, आरोपी ने रिश्वत मांगने के लिए 10 किलो सूजी शब्द का इस्तेमाल किया था। सूत्र ने कहा कि एएसआई रूपेश ने महिला से 30 लाख रुपये मांगे और आश्वासन दिया कि वह एनडीपीएस संबंधित मामले में उसकी मदद करेगा। जिसके बाद महिला ने 30 लाख रुपये में से 12 लाख रुपये का भुगतान किया था। सूत्र ने कहा एएसआई लगातार महिला पर बकाया 18 लाख रुपये देने का दबाव बना रहा था।

# भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर शक




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बिंदापुर थाना क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मटियाला की बदमाशों ने शुक्रवार देर शाम गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब भाजपा नेता हत्याकांड से जुड़ी बड़ी जानकारी सामने आ रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि उनकी हत्या में जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का नाम सामने आ रहा है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले के तेजी से जांच शुरू कर दी है।

**डीडीयू अस्पताल में हो रहा है पोस्टमार्टम:** पुलिस ने भाजपा के वरिष्ठ नेता की हत्या के बाद मामले में तेजी दिखाते हुए आरोपितों की धर-पकड़ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के डीडीयू हॉस्पिटल में उनका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के आस-पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

**कार्यालय में मारी गोली:** जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र मेन मटियाला रोड स्थित अपने कार्यालय में अपने एक स्वजन व कार्यालय सहायक के साथ बैठकर टीवी देख रहे थे। वे कार्यालय में रखी अपनी कुर्सी पर बैठे थे। दोनों अन्य व्यक्ति में एक उनके बाएं तथा दूसरा उनके दाएं बैठा था। इसी दौरान कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगे शीशे के गेट को दो लोगों ने खोला। दरवाजा पूरी तरह न खोलकर इतना ही खोला गया कि बदमाशों के दोनों हाथ व पिस्टल अंदर दाखिल हुए। इसके बाद दोनों बदमाशों ने सुरेंद्र को निशाना बनाते हुए गोलियों की बौछार कर दी।

**किसान नेता के तौर पर थी प्रभावी छवि:** सुरेंद्र के पास इन दिनों नजफगढ़ जिला भाजपा में किसान मोर्चा के प्रभारी का दायित्व था।

कृषि से जुड़े तमाम मसलों पर विभिन्न मंचों पर वे अपनी बात मजबूती से रखते थे। मटियाला वार्ड की सीट पर वे भाजपा प्रत्याशी के तौर पर अपनी किस्मत भी आजमा चुके थे।

# सांसद के भाई की कार में सवार होकर बदमाशों ने की लूट



### काबू किया

= फतेहपुरबेरी थाना पुलिस ने मामला दर्जकर प्रशांत चौधरी समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महरौली**-गुरुग्राम रोड पर एक सांसद के भाई की फॉरच्यूनर कार में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर घूम रहे तीन युवकों द्वारा एमजी रोड एक ट्रक चालक से पांच हजार रुपये लूटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों के अनुसार उन्होंने पूरी वारदात को रील बनाने के लिए अंजाम दिया है। खास बात ये है कि ट्रक भी एक अन्य सांसद की ट्रांसपोर्ट कंपनी का है। फतेहपुरबेरी थाना पुलिस ने मामला दर्जकर प्रशांत चौधरी समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के मोबाइल से घटना की वीडियो ले ली गई है। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों ने जिस सफेद रंग की फॉरच्यूनर कार से लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया है, वह सांसद के भाई लालसिंह के नाम रजिस्टर्ड है। लालसिंह ने ये कार अपने दामाद को दी थी। दामाद ने ये कार अपने चाचा के लड़के प्रशांत चौधरी को दी थी। इसमें सवार होकर प्रशांत अपने दो साथियों के साथ 10 व 11 अप्रैल की रात दो बजे सुल्तानपुर मेट्रो के पास पहुंचा। यहां पर प्रशांत सिंह फर्जी एसीपी राठौर बना। उसका एक साथी फर्जी सिपाही करण सिंह जाट बन बैठा। इसके बाद सुल्तानपुर यूपी नंबर के ट्रक को रोक लिया और ट्रक के ड्राइवर आदेश कुमार निवासी परसुपुर खैरसुलिया एटा से मारपीट कर उससे 5 हजार रुपये छीन लिए। आदेश ने जब अपने मुंशी सत्यप्रकाश से फर्जी एसीपी राठौर से बात कराई तो आरोपी ने उसके साथ भी गाली-गलौज की। पांच हजार रुपये छीनने के बाद आरोपी कार में बैठकर गुरुग्राम की तरफ फरार हो गए। मुंशी सत्यप्रकाश ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामला दर्ज कर एसीपी विनोद नारंग व थानाध्यक्ष एसके झा की देखरेख में एसआई अश्विनी की टीम ने जांच शुरू की।

घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो टीम को फॉरच्यूनर कार का नंबर मिल गया। इसके बाद चार से पांच घंटे के भीतर ही आरोपी प्रशांत चौधरी व उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध होना चाहते थे। इस कारण उन्होंने असली लूटपाट की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी सही बोल रहे हैं या नहीं। इधर फतेहपुरबेरी थाना पुलिस मामला दो सांसदों से जुड़ा होने के कारण इसे छिपाने में लगी है और कुछ भी बोलने से बच रही है। हालांकि दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार ड्राइवर आदेश कुमार सांसद की बदरपुर स्थित कंपनी में कई सालों से काम कर रहा है। इसमें काफी ट्रक हैं।



## न्यूज फ्लैश

### निकाय चुनावः सपा ने घोषित किया मेयर प्रत्याशी

**मथुरा।** राजनीतिक दलों के अंदर इस समय जबर्दस्त उठापटक मची हुई है। अपने प्रत्याशी उतार रहे राजनीतिक पार्टियों में प्रत्याशी चयन की लम्बी कवायद के बाद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शेष बची है। सभी की नजर इसी पर लगी हुई है। समर्थक भी लगातार एक दूसरे से संपर्क बनाए हुए हैं। अपने चहेते प्रत्याशी को टिकट मिले इसके लिए भाग दौड़ जारी है। वहीं निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी ने मथुरा वृंदावन नगर निगम सीट पर महापौर पद के लिए अपना प्रत्याशी घोषित का दिया है। सपा ने पंडित तुलसी राम शर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं रालोद ने नगर नगर पंचायत बलदेव से रामकिशन वर्मा, राया से वीरेन्द्र सिंह तथा राधा कुण्ड से ब्रज किशोर को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया है।

### अवैध असलहा बनाने के आरोप में तीन पकड़े

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चलाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन ओम हरि बाजपेयी के मुताबिक ग्राम देवसेरस से दिगम्बर के घर लकडी की टाल के अन्दर से दिगम्बर पुत्र श्यामसुन्दर ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन, मुकुट पुत्र विजय ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन तथा केशव पुत्र विजय निवासी ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन को पुलिस ने दबोचा। यहां से तीन पौनिया .12 बोर, दो जिन्दा कारतूस .12 बोर, एक बन्दूक .12 बोर अधबनी तथा अस्त्र बनाने में उपयोग होने वाले औजार बरामद किए हैं।

### 50 लीटर शराब के साथ पकडा

**मथुरा।** थाना गोविंद नगर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब की बिक्री करते समय 50 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। तारुखनाथ पुत्र मनरंजन बंगाली निवासी आशा नगर कॉलोनी थाना गोविंद नगर जनपद मथुरा को राधापुरम आवासीय कॉलोनी के गेट थाना गोविंद नगर से गिरफ्तार किया गया। इसके कब्जे से 50 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई। माल बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गयी।

### कैबिनेट मंत्री ने फीता काटकर बैंक का किया शुभारंभ

**मथुरा।** गांव पैगव में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की बिल्डिंग जर्जर हो जाने की वजह से बैंक को नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया जिसका शुभारंभ आज उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण के द्वारा फीता काटकर किया गया। गांव पैगाम में लगभग 40 वर्ष पहले पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा खोली गई थी लेकिन जिस बिल्डिंग में अब तक पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा चल रही थी जर्जर भवन हो जाने की वजह से अब नए भवन में शाखा को शिफ्ट कर दिया गया है। जिसका शुभारंभ आज उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के द्वारा किया गया कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मोदी जी का जो विजन है प्रत्येक व्यक्ति को बैंकों से जोड़ने का उसी के उपक्रम का आज और शुभारंभ हुआ है जहां पहले बैंक थी 40 सालों से एक कमरे में चल रही थी अब एक व्यवस्थित तरीके से बैंक होती है वह व्यवस्था की गई है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को सरकार की योजनाओं सहित अन्य लाभ मिल सके इस मौके पर महेश चैधरी ,ओमप्रकाश मास्टर, उदयलाल डॉक्टर ,लौहरे प्रधान जी सबर बोहरे जी, छिद्धि नेता सत्यदेव डॉक्टर, राजाराम प्रधान, नीरज मास्टर अरुण ठेकेदार दि लोग मौजूद रहे।

### प्लेटफार्म नंबर-1 पर रेल की चपेट में आने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर रेल गाडी की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार प्लेटफार्म नंबर 1 से जा रही है रेल गाडी की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही जी आर पी, आर पी एफ मौके पर पहुंची। स्टेशन सुपरीडेंट के कमरे के सामने हुए इस हादसे के लगभग 2 घंटे बाद उक्त स्थान को कर्मचारियों द्वारा साफ किया गया।

### 3 बच्चों की मां संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** 3 बच्चों की मां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला घर से आधार कार्ड, पैन कार्ड समेत अन्य डॉक्यूमेंट्स भी साथ ले गई। पति ने पड़ाव थाना में शिकायत सौंप तलाश करने की गुहार लगाई है। दिल्ली फाटक अंबाला कैंट निवासी सुशील कुमार ने बताया कि 11 साल पहले उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से उसके 3 बच्चे भी हैं। उसकी पत्नी वर्ष 2021-22 में लालडू (पंजाब) स्थित एक फैक्ट्री में धागा बनाने की मशीन पर काम करती थी। यहां से ड्यूटी करके उसकी पत्नी रात 8 बजे तक आती थी। सुशील कुमार ने बताया कि पत्नी की नौकरी के चलते बच्चों की देखभाल में दिक्कत आ रही थी। उसने 7-8 महीने पहले नौकरी छुड़वाई थी। वीरवार सुबह-सुबह 11 बजे अचानक उसकी पत्नी घर से आधार कार्ड, पैन कार्ड समेत अन्य डॉक्यूमेंट्स लेकर कहीं चली गई। उन्होंने अपने स्तर पर हर जगह तलाश कर ली है, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा।

# दुकानों की रजिस्ट्री कराने के लिए भी बैंक से मिल सकेगा लोन

## निकाय की दुकानों पर मालिकाना हक मिलने से दुकानदारों में खुशी की लहर



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** सब्जी मंडी (हिल रोड) एवं कैंट थाना के पास स्थित नगर परिषद की दुकानों के किराएदारों ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज पर फूलों की वर्षा एवं अनिल विज जिंदाबाद के नारे लगाकर उनका धन्यवाद जताते हुए कहा कि उन्हीं की बदौलत ही अम्बाला छावनी में नगर परिषद की 20 वर्ष से ज्यादा पुरानी दुकानों के किराएदारों को दुकानों का मालिकाना हक हासिल हो सका है।

विज के आवास पर आज पहुंचे दर्जनों दुकानदारों ने विज जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कहा कि विज की मेहनत की बदौलत दुकानदारों को यह हक हासिल हो सका है। अब वह नगर परिषद में दुकानों की रजिस्ट्रियां करवा सकेंगे और उन्हें रजिस्ट्रियों के लिए लोन भी मिल सकेगा। दुकानदारों ने विज को शॉल भेंट कर उनका धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर विज ने दुकानदारों को बताया कि नगर परिषद द्वारा जल्द ही दुकानदारों को मालिकाना हक देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी और उन्होंने नप अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह कैंप लगाकर सिंगल विंडो पर दुकानों की रजिस्ट्रिया उनके नाम करें।

इस अवसर पर दुकानदार प्रवीण गुलाटी, विशाल, शुभम, विनोद जौहर, प्रेम भल्ला, सुनील गांधी, राज कुमार नागपाल, साहिल, दीपक भल्ला, हरीश कपूर, चंद्र, भगत, राजेश, शशांक मक्कड़, गुलशन कुमार, विनोद कुमार, पंकज कालड़ा, मुकेश, गुलशन, गौर सिंह, भूपिंद्र सिंह, सरबजीत सिंह, सहित अन्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि इससे पहले गांधी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन, बिहाइंड राय मार्केट एसोसिएशन, राय मार्किट सुप्रीम एसोसिएशन के सैकड़ों दुकानदार भी गृह मंत्री अनिल विज का आभार व्यक्त कर चुके हैं। यहां की सैकड़ों दुकानों के किराएदार अब अपनी दुकानों के मालिक बन सके।

## लोक अदालत में 72 आरबीट्रेशन वादों का हुआ निस्तारण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** शनिवार को आरबीट्रेशन वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति रजनीश कुमार की उपस्थिति में हुआ। शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा आशीष गर्ग, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मथुरा डा. विदुषि सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण रणधीर सिंह, अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी विशेष लोक अदालत अभिषेक पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला जज नीरू शर्मा, अध्यक्ष बार एसोसिएशन राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सचिव बार एसोसिएशन अरविन्द कुमार सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, फाइनेन्स कम्पनियों के अधिकारीगण, अधिवक्तागण व वादकारीगण उपस्थित रहे। इस विशेष लोक अदालत में आरबीट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु



260 वाद चिन्हित किये गये, जिनमें से 72 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग द्वारा आरबीट्रेशन के निष्पादन वादों से सम्बंधित एक वादों का निस्तारण किया गया।

अपर जनपद न्यायाधीश न्यायालयों द्वारा आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों से सम्बंधित 71 वादों का निस्तारण किया गया। विशेष लोक अदालत के अंत में अपर जिला जज अभिषेक पाण्डेय तथा अपर जिला जज नीरू शर्मा द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## एक ही संकल्प एक ही नारा, हर वार्ड में कमल खिलानाः वीरभान सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** ब्रज क्षेत्र सह मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश भाजपा मथुरा इंजीनियर वीरभान सिंह चौधरी ने बताया कि एक ही संकल्प एक ही नारा, प्रत्येक वार्ड में कमल खिले हमारा। प्रत्येक शक्ति केंद्र पर पार्टी के कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। हर संभव प्रयास है। लाभार्थी के संपर्क में आना, प्रत्येक लाभार्थी से संपर्क किया जा रहा है। मथुरा जिले के सभी वार्डों में कमल का फूल खिलने जा रहा है। महापौर भारी मत के साथ भाजपा का होगा। सेक्टर संयोजक रवि कुंतल ने कहा कि हमारी बूथ कमेटियां शक्ति केंद्र हैं। प्रभारी इंजीनियर बीरबल सिंह चौधरी ने कहा कि हर वार्ड में कमल खिलाने जा रहा है। अनूप पाल एड. एवं सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य करती है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष महताब कुंतल ने कहा कि भाजपा प्रत्येक बूथ पर जीतेगी एवं महापौर हमारा होगा। पूरे जिले में नगर निगम में भाजपा का परचम लहराएगा। बैठक में भूरी सिंह कुंतल, निरंजन सिंह कुंतल, संतोष प्रधान, हाकिम सिंह राणा, देशराज सेठ, शैलेंद्र, महेंद्र डॉ. आरती चैधरी, हार्दिक चैधरी, बदन प्रधान, नेपाल सिंह, प्रधान रोहतांग सिंह, रोली नौहवार, कमल भाटिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## बैरिकेडिंग में घुसी गाय को देख श्रद्धालुओं में मचा हड़कंप



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए आ रहे श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगाई गई लोहे की बेरीकेडिंग में एक गाय भी आ गई। यदि गाय किसी कारण से बिगड़ जाती तो श्रद्धालुओं को चोट आ सकती थी। कई लोगों ने इस नजारे को वीडियो में कैद किया। एक बार यह नौबत आ गई थी कि गाय से बचने के लिए श्रद्धालु लोहे की रेलिंग पर चढ़ गए। प्रशासन ने विद्यापीठ चौराहा से ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सड़क के बीचों बीच लोहे की बेरीकेडिंग लगाई है। शनिवार और रविवार समेत अक्षय तृतीया पर आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को इस बेरीकेडिंग से नियंत्रित किया जा सके। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि गाय के नजदीक आने पर कई श्रद्धालुओं ने बैरिकेडिंग की रेलिंग पर चढ़कर अपनी जान बचाई।

## बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालु के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम जेवर निवासी पुनीत गर्ग अपने परिवार के साथ ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन करने वृंदावन आए थे। मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद उन्होंने 600 देकर वीआईपी दर्शन करने की रसीद भी कटवाई। अत्यधिक भीड़ में धक्का मुक्की के चलते उनके दो परिवारीजन वीआईपी गैलरी में नहीं आ पाए। जिनको अंदर लेने के लिए मौजूद सिक्योरिटी गार्ड से उन्होंने कहा, लेकिन वहां पर उपस्थित कुछ गोस्वामी जनों को उनका वीआईपी पर्ची खरीदना अच्छा नहीं लगा, क्योंकि वह खुद पैसे लेकर उन्हें दर्शन करवाना चाहते थे। इसी के चलते उन्होंने श्रद्धालु के साथ मारपीट कर उसकी शर्ट भी फाड़ दी। इसकी सूचना बांके बिहारी चौकी इंचार्ज राजकुमार को उनके द्वारा दी गई। लेकिन चौकी इंचार्ज के द्वारा श्रद्धालु की शिकायत लिखने की जगह उसे समझने के लिए दबाव बनाते नजर आए।

## 'कोरोना से बचाव को कोविड अनुरूप व्यवहार अपनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

जनपद में कोरोना संक्रमण दस्तक दे चुका है। ऐसे में अब फिर से ट्रेस, टेस्ट व ट्रीट की नीति अपनाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने आमजन से दो गज की दूरी का पालन करने व मास्क पहनने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए ट्रेस टेस्ट ट्रीट नीति को अपनाने के निर्देश दे दिए हैं। कोविड संक्रमण की रोकथाम के लिए निगरानी समितियों को पुनः सक्रिय करने के निर्देश दे दिए गए हैं। जनपद वासियों से अपील है कि मास्क पहने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें और भीड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मुनीश पौरुष ने बताया कि सभी लोग कोविड संक्रमण के दृष्टिगत मास्क पहनें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर न जाएं।

## वृंदावन में टूटकर गिरा 11 हजार वोल्टेज का तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

नगर के तराश मंदिर इलाके में हाईटेंशन लाइन टूटने से एक पेड़ और टेंपो में आग लग गई। रिहायशी इलाके में हुए इस हादसे से स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया। तराश मंदिर इलाके में शनिवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। तार टूटकर सड़क किनारे खड़े टेंपो पर गिरा। जिसकी वजह से उसमें आग लग गई। तार टूटने के कारण लगी आग की चपेट में वहां लगा एक पेड़ भी आ गया। लक्ष्मण



सैनी के इस टेंपो को गोकुल नाम का ड्राइवर चलाता है। गोकुल ने टेंपो अपने घर के बाहर खड़ा कर लिया था। गोकुल जब घर के अंदर था। तभी अचानक ऊपर से निकल रहा 11 हजार वोल्टेज का हाईटेंशन बिजली का तार टूटकर उस पर गिर गया। जिसकी वजह से टेंपो जलकर खाक हो गया। तार टूटने से आसपास के करीब 6 मकानों में भी करंट फैल गया। किसी तरह लोग अपनी जान बचाकर घरों से बाहर निकले।आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों का आरोप है, कि बिजली विभाग जर्जर हो चुके तारों पर ध्यान नहीं देता है। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ।

गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई अन्यथा बड़ा हादसा घटित हो सकता है। बिजली विभाग की लापरवाही से हुए हादसे के बाद उप खंड अधिकारी संदीप वार्ष्णेय ने बताया कि हादसा हुआ था। हाईटेंशन लाइन कैसे टूटी इसकी जांच रिपोर्ट जेई से मांगी है।

## एलेन ने पीजी मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए सुपरएप्प लॉन्च किया

**हिसार।** पूरे भारत में मेडिकल कोचिंग में अग्रणी, एलेन ने पीजी मेडिकल छात्रों को एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं की तैयारी के लिए व्यापक समाधान प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म एलेन नेक्सटी ऐप लॉन्च किया। इस ऐप पर कई अनूठी विशेषताएं और संसाधन उपलब्ध हैं, जो इसे परीक्षा की तैयारी हेतु बाजार में उपलब्ध अन्य प्लेटफार्मों से अलग करते हैं। एलेन नेक्स्ट वर्टिकल के पूर्णकालिक कार्यकारी, अमन माहेश्वरी ने कहा, "एलेन नेक्स्ट ऐप के साथ हमारा लक्ष्य मेडिकल पीजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी प्रक्रिया को छात्रों के लिए सरल और अधिक सुलभ बनाना है, चाहे उनकी व्यस्तता कितनी भी हो। हमारा उद्देश्य एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिए पूरा रोडमैप प्रदान करके पीजी मेडिकल छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है।" इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि पीजी मेडिकल छात्र का जीवन चुनौतीपूर्ण होता है। परीक्षा की तैयारी के चुनौतीपूर्ण कार्य का व्यस्त इंटर्नशिप शेड्यूल के साथ संतुलन बिठाना भारी पड़ सकता है। हालांकि, एलेन नेक्स्ट ऐप और इसके व्यापक पाठ्यक्रम पैकेज अल्फा, बीटा और डेल्टा के लॉन्च के साथ, जिस तरह से मेडिकल पीजी के छात्र अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वह बेहतर बदलाव लाने वाला है। यह ऐप कई संसाधनों की आवश्यकता को समाप्त करता है और विशिष्ट स्टार संकायों से अद्यतित और संक्षिप्त शैक्षणिक सामग्री प्रदान करता है।

## नेत्रहीन छात्रों सहित 80 लोगों की हुई जांच

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** महरिशी मारकंडेश्वर चिकित्सालय मुलाना के दंत चिकित्सा विभाग के सौजन्य से क्षेत्र में गत दिनों से चलाए जा रहे निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर अभियान की क्रमिक कड़ी में आज सनातन धर्म अंध महाविद्यालय अंबाला के परिसर में 80 नेत्रहीन छात्रों की जांच के उपरांत के दांतों की जांच के साथ मौखिक साफ-सफाई का महत्व समझाया गया। प्राचार्य डॉ जी.एम सोगी के निर्देशन में दिन भर चले इस शिविर में डॉ सुरेंद्र सचदेवा ,डॉक्टर आकशी शेखर शर्मा ,डॉक्टर सदफ मुख्तर, डॉक्टर अभिलाषा मुखर्जी, डॉक्टर किरणमयी, डॉक्टर



हरलीन,आदि चिकित्सकों की टीम द्वारा जांच, परामर्श, व व्याख्यान का कार्य संपन्न किया गया । डॉक्टर सुरेंद्र सचदेवा व डॉक्टर सदफ के अनुसार अधिकांश लोग अशिक्षा,तथा अज्ञानता वश प्राय मुंह की साफ-सफाई के प्रति जागरूकता के अभाव में दैनिक सफाई एवं मंजन मात्र तक ही सीमित रह जाते हैं। यद्यपि मुंह की साफ-सफाई व चिकित्सा का भारी संख्या में शारीरिक विकारों का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष सबंध है ।शिविर में दांतो के विकार के लक्षण तथा नवीनतम तकनीकी उपचार के बारे में जागरूक किया गया। सभी को मुंह की साफ सफाई व देखभाल को दैनिक दिनचर्या में प्रातः काल मुंह की साफ-सफाई व देखभाल को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य जे. एस. अग्रवाल ,नरेश कुमार, दिनेश कुमार तथा कमलकांत आदि लोगों का सहयोग विशेष रूप से सराहनीय रहा ।

## 'आधुनिक सुविधाओं के साथ शीघ्र स्पोर्ट्स अकैडमी भी खुलेगी'

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** खालसा हाई स्कूल में वैसाखी के अवसर पर खालसा मैन दोआब दीवान व खालसा हाई स्कूल की प्रबन्धक कमेटी की एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक मूल मंत्र के पाठ के पश्चात शुरू हुई। इस अवसर पर खालसा पंथ की स्थापना व दस्तार साजना दिवस के इतिहास को सुनाया गया । स्कूल के चेयरमैन व एस जी पी सी मेंबर जत्थेदार हरपाल सिंह मछौंडा ने बताया कि खालसा हाई स्कूल द्वारा के. के. स्पोर्ट्स के सहयोग से स्पोर्ट्स एकादमी खोलने का निर्णय लिया गया है, जिसमें स्कूल के बच्चों को क्रिकेट, बैडमिंटन, जिम्नास्टिक्स, टेबल टेनिस इत्यादि सिखाई जाएगी।

## अगले सप्ताह से छावनी में शुरू होगा डोर टू डोर कूड़ा उठान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** अम्बाला में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का ठेका खत्म होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लेकिन अब लोगो की इसी परेशानी को देखते हुए नगर परिषद ने कूड़ा उठान का टेंडर जारी किया था। जिसके बाद वर्क आर्डर दिया जा रहा है तथा जल्द ही कूड़ा उठान का कार्य शुरू हो जाएगा। मुख्य सफाई निरिक्षक विनोद बेनीवाल ने बताया कि अगले सप्ताह से डोर टू डोर कूड़ा उठान के कर्मचारी अपना कार्य शुरू कर देंगे। उन्होनें बताया कि इसको लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर लीं गई है। हाल ही में नगर परिषद द्वारा लोगो की समस्या को



देखते हुए यह टेंडर लगाया गया था। जिसके बाद प्रक्रिया पूरी होते ही। अब टेंडर देने का काम किया जा रहा है। वहीं डोर टू डोर कूड़ा उठान न होने के कारण लोगो के घरों के पास कूड़े के ढेर लग चुके है। आस पास के खाली पड़े प्लाटों में भी गंदगी भर गई है। जिसके कारण लोगो को आने जाने में भी परेशानी होती है।

देश के प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसको साकार करने के लिए समय समय पर स्वच्छता अभियान भी चलाए जाते हैं लेकिन अब प्रधानमंत्री का वो सपना अधूरा नजर आता है क्यूंकि शहर को स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम व नगर परिषद द्वारा घर घर कूड़ा उठाने के लिए ठेका दिया गया था ताकि लोग अपने घर का कूड़ा इधर उधर न फेंक कर ट्राली में डालें लेकिन अभी काफी दिनों से ये ठेका खत्म होने के कारन घर से कूड़े का उठान न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ! घर से कूड़ा उठाकर लोग इधर उधर फैक रहे है जिसके कारन न केवल शहर गंधा हो रहा है बल्कि गलियों में भी कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए है ! वहीँ गंदगी भी फैलने लगी है जिसकी वजह से बीमारियां फैलने का खतरा भी लोगों को सताने लगा है लोगों ने नगर निगम व नगर परिषद से जल्द ही इसका समाधान करने की अपील की थी! लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी ने जो स्वच्छ भारत का सपना देखा है उसको साकार करने के लिए नगर परिषद जल्द इस समस्या का समाधान करें । लेकिन अब लोगो को भी उम्मीद है कि जल्द ही उन्हे कूड़े की समस्या से निजात मिल जाएगी।

## सेवा भारती संस्था द्वारा छात्रों को दी जा रही है निःशुल्क कोचिंग

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** सेवा भारती बाल संस्कार एवं निःशुल्क कोचिंग केंद्र अंबाला शहर में स्थित लक्ष्मी नारायण धर्मशाला में पहली कक्षा से दसवी कक्षा के विद्याथीयों को निःशुल्क कोचिंग लगभग 8 वर्षों से दी जा रही है पूर्व प्रिंसिपल पृथ्यू ने बताया की हमारी संस्था द्वारा जन जन में मानव कल्याण का कार्य किया जा रहा है हमारी संस्था द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क कोचिंग केंद्र में विद्याथीयों को योगा व संस्कार भी दिए जाते है हमारे यहाँ सभी विद्यार्थी कोचिंग लेने समान्य परिवार के घरों से आते हैं '

## बिजली की तार व मंदिर की बिजली की तार चोरी करने वाले दो को किया गिरफ्तार

**जिले** के थाना बड़ी की पुलिस ने खेतों में टयूबवैल की बिजली की तार व मंदिर की बिजली की तार चोरी मे संलिप्त दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रमेश पुत्र जगरूप निवासी उत्तर प्रदेश व सोनू पुत्र राजपाल निवासी जिला सहारनपुर उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 12 अप्रैल को संदीप पुत्र श्री ईश्वर सिंह गांव भोगीपुर जिला सोनीपत ने थाना बड़ी में शिकायत दी थी कि दिनांक 11 अप्रैल 2023 को रात के समय करीब 10 बजे मैं अपना टयुबवैल चलाने के लिए खेत मे गया तो मेरे टयुबवैल की तार कटी हुई थी और वहां पर नही मिली जो मुझे पता चला है कि हमारे गांव के मंदिर की ड़ोरी जो सबमर्सीबल पर बाहर लगी हुई थी । वह ड़ोरी भी चोरी हुई है जो मेरे टयूबवैल व मंदिर की बिजली की तार, नाम पता ना मालूम व्यक्ति तार को काट कर चोरी करके ले गया` इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना बड़ी में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना बड़ी की अनुसंधान टीम मे नियुक्त अरक प्रदीप ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त एक आरोपी सलीब पुत्र अलाहुल जिला हावड़ा पश्चिमी बंगाल हाल जिला सहारनपुर जिला उत्तरप्रदेश को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था अब घटना में संलिप्त दो और आरोपियों रमेश पुत्र जगरूप निवासी उत्तर प्रदेश व सोनू पुत्र राजपाल निवासी जिला सहारनपुर उत्तरप्रदेश को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

**8 टयूबवैल व मंदिर की बिजली की तार, नाम पता ना मालूम व्यक्ति तार को काट कर चोरी करके ले गया**

# विधायक ने किया रोड़ के कार्य का शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग इलाके के-केला गोदाम रोड़ के पुर्नः निर्माण के कार्य का शुभारंभ शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की विधायक बंदना कुमारी ने किया। इस मौके पर जागरूकता उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा, एए ब्लॉक के प्रधान प्रवीन यादव, दिनेश शर्मा, इशुप्रीत गुजराल पूर्व प्रत्याशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक बंदना कुमारी ने बताया कि रोड़ बनाने के कार्य का शुभारंभ आज हो चुका है। शीर्घ ही केला गोदाम रोड़ का कायाकल्प हो जायेगा। विधायक बंदना कुमारी ने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दे रही हूं। ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर सरल ऐप डाउनलोड करवाते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।



ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ने भाई ढिकोलिया अपनी टीम के साथ पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव को फ्रंट की डायरी व कैलेन्डर देते हुए।

## केजरीवाल का स्कूलों की तस्वीर बदलने का बयान जुमलाः अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने के बाद मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का बयान कि दिल्ली सरकार की तर्ज पर एम.सी.डी. के स्कूलों की तस्वीर बदलेंगे और आधुनिक शिक्षा प्रणाली लागू करना, पूरी तरह से दिल्ली के अभिभावकों को भ्रमित करने वाला है। क्योंकि घोषणा पत्र में वादा अनुसार दिल्ली में सरकारी स्कूलों की संख्या नही बढ़ी और केजरीवाल सरकार ने एक भी नया स्कूल नही बनाया, उल्टा 14 स्कूल बंद कर दिए। 9 वर्षों में सिर्फ स्कूलों में क्लॉस रुमों की मरम्मत के सिवा कुछ नही किया। क्या इस तर्ज पर निगम की सत्ता में आसीन आम आदमी पार्टी एमसीडी के 1535 स्कूलों की आधारभूत संरचना को बदलने सक्षम है। अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में लगातार गिरते शिक्षा स्तर के लिए उनके तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया जिम्मेदार है, जिन्होंने दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था में सुधार विज्ञापनों में किया और अपना सारा फोकस नई शराब नीति को लागू करने में लगा दिया, जिसमें हुए भ्रष्टाचार के चलते आप पार्टी को करोड़ो रुपये अनैतिक रुप से मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नई शराब नीति को लागू करने का निर्णय हुआ।




वार्ड-18 के जहांगीरपुरी स्थित निगम पार्षद कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा साथ में है अनुज सिंह, रमेश शर्मा व अन्य गणमान्य लोग।

## मल्कागंज इलाके में जय भारत सत्याग्रह सभा का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राहुल** गांधी द्वारा अडानी घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ संसद में आवाज उठाने पर जिस तरह केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से राहुल गांधी की सदस्यता खत्म की गई उसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने जय भारत सत्याग्रह शुरू किया है। कांग्रेस इस सत्याग्रह के जरिए लोगों के बीच जाकर भाजपा केंद्र सरकार की तानाशाही को उजागर करेगी। इसको लेकर मल्का गंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जगदीश टाइटलर, करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, अशोक भसीन, नेत्रपाल ब्लॉक अध्यक्ष, प्रिया जयंत महिला जिलाध्यक्ष, वीआर चौधरी अध्यक्ष तिमारपुर ब्लॉक, जुगल सोनकर, योगेश सोनकर, कैलाश प्रधान, छोटे लाल प्रजापति, देवी, विकास जैन, हैदर अब्बास, पंडित, मुकेश पाल, मनोज शर्मा, विजय गौतम, महेंद्र पाल, मनीष पाल, पीएस रावत, आर पी झा, सुखबीर मौजूद रहे।

## 'टोल टैक्स वसूली के रूप में लोगों की जेब पर डाका'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल ने कहा की जब कोई भी गाड़ी शोरूम से निकलती है तो उस पर लाइफटाइम रोड़ टैक्स ले लिया जाता है, फिर उसके बाद जब वह सड़क पर चलती है तो उस पर टोल टैक्स सरकार द्वारा वसूला जाता है सरकार सड़क बनवाने के नाम पर रोड़ टैक्स लेती है फिर टोल टैक्स किस बात का वसूल रही है, क्योंकि रोड़ टैक्स के नाम पर सरकार पहले ही पूरा पैसा जमा करा लेती है फिर उसके बाद टोल टैक्स किस लिए वसूला जाता है।
श्री जिंदल ने बताया कि जब प्राइवेट कंपनियां सड़के बनाकर टोल टैक्स लेती है तो जितने लागत



की रोड़ का निर्माण होता है उससे कई गुना जनता से टोल टैक्स के रूप में वसूल किया जाता है यह जनता के पैसे की खुली लूट है इसको बंद किया जाना चाहिए। एक तरफ तो पेट्रोल डीजल के आसमान छूते रेट दूसरा उस पर लगभग तीन रुपए किलोमीटर का टोल टैक्स, जितने रुपए का ईंधन सड़क पर गाड़ी चलाने पर खर्च नहीं होता उससे ज्यादा का टोल टैक्स वसुला जाता है। आज अगर कोई अपनी गाडी से दिल्ली से कोई भक्त श्री मेंहदीपुर बालाजी जोकि लगभग 275 किलोमीटर दूर पडता है तो उसको वहां से आने-जाने में लगभग 1200-1300 रुपए टोल टैक्स के देने पड़ते है, जोकि बहुत ज्यादा है, यह सरासर उनकी जेब पर डाका है। सरकार गाड़ियों पर या तो रोड़ टैक्स ले या टोल टैक्स ले, आम जनता पर टैक्स की दोहरी मार पड़ रही है इसको कम किया जाना चाहिए।
पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने केन्द्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से पत्र लिखकर मांग की है कि टोल टैक्स की दरें कम करके वसूली जाना चाहिये और जनता के आवागमन के लिये निरंतर अच्छी सडकों का निर्माण किया जाना चाहिये।
उन्होंने कहा कि खराब रोड़ की वजह से अगर कोई गाड़ी क्षतिग्रस्त होती है तो उसका हजार्ना रोड़ बनाने वाली एजेंसी द्वारा दिया जाना चाहिए।



वर्ल्ड विजन इंडिया ने साइबर क्राइम थाना मॉडल टाउन दिल्ली में 40 बच्चों को विजिट करवाया। बच्चों को साइबरक्राइम मॉनिटर रूम दिखाया और बताया गया कि थाने में क्या-क्या कार्रवाई होती है और कैसे होती है। इस मौके पर प्रेम लाल, पूजा, गीता और पूनम व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ईडी की दूसरी पूरक चार्जशीट पर 24 अप्रैल को होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में ईडी की ओर से दाखिल दूसरी पूरक चार्जशीट पर सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने 24 अप्रैल को सुनवाई का आदेश दिया। ईडी ने आज चार्जशीट की प्रति सभी आरोपितों को दे दी। ईडी ने 6 अप्रैल दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। दूसरी पूरक चार्जशीट में राजेश जोशी, राघव मगुंटा और गौतम मल्होत्रा के नाम हैं। कोर्ट ने आज मामले के आरोपितों- राजेश जोशी, राघव मगुंटा और गौतम मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए और बढ़ा दी है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि गौतम मल्होत्रा को 7 फरवरी, राजेश जोशी को 8 फरवरी और राघव मगुंटा को 10 फरवरी को गिरफ्तार किया था। करीब ढाई करोड़ रुपये पहले अमित अरोड़ा को दिए गए और फिर दिनेश अरोड़ा को दिए गए। आखिरकार ये रकम आम आदमी पार्टी (आआपा) नेताओं को दिए गए। ईडी के मुताबिक आआपा के कैंपेन को चलाने के लिए राजेश जोशी ने 77 लाख रुपये लिए। राजेश जोशी एक एडवरटाइजिंग कंपनी का प्रमुख था। ईडी ने शराब घोटाला मामले में 6 जनवरी को पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में 12 के नाम हैं, जिसमें 5 व्यक्तियों और 7 कंपनियों के नाम हैं।



बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।

## आफताब के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला 29 को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की साकेत कोर्ट ने बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड मामले के आरोपित आफताब के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल सेशंस जज मनीषा खुराना कक्कड़ ने इस मामले में 29 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया है। 31 मार्च को आफताब की ओर से कहा गया था कि जेल में उसके साथ दूसरे कैदियों ने मारपीट की है। जिसके बाद कोर्ट ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया था कि आफताब की पेशी के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये जाएं। 25 मार्च को आफताब ने अपना वकील दोबारा बदल लिया था। आफताब ने विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मिले वकील को बदलते हुए वकील अक्षय भंडारी को अपना वकील नियुक्त किया था। बीते 20 मार्च को दिल्ली पुलिस ने साकेत कोर्ट को बताया था कि आफताब ने सोच-समझकर इस घटना को अंजाम दिया है। परिस्थिति जन्य साक्ष्य से पता चलता है कि श्रद्धा और आफताब का लिव-इन रिलेशन हिंसक था। श्रद्धा प्रैक्टो ऐप के जरिये डॉक्टरों से परामर्श भी ले रही थी। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में श्रद्धा की काउंसलिंग का वीडियो भी दिखाया था, जिसमें श्रद्धा कह रही है कि आफताब उसको खोज लेगा और मार देगा।

## भाजपा द्वारा बंगाली मार्केट में मस्जिद पर बुलडोजर चलाने की दिल्ली कांग्रेस ने की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने भाजपा की केन्द्र के शहरी विकास मंत्रालय के एल एंड डी विभाग द्वारा बिना नोटिस ढहाई गई बंगाली मार्केट की मस्जिद के घटना स्थल का दौरा किया।
उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान मास में मस्जिद को अवैध निर्माण का नाम देकर बिना किसी नोटिस अथवा पूर्व सूचना के बुलडोजर चलाकर तोड़ना बेहद दुखद है और केन्द्र सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की दिल्ली कांग्रेस निंदा करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और दिल्ली वक्फ बोर्ड की इस





मस्जिद को ढ़हाने में चुप्पी चिंताजनक है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के साथ मुस्लिम नेता मतलूब करीम, शमीम शाहबुद्दीन, मुरुजा, मस्जिद के अन्य जिम्मेदार लोग और कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन विक्रम लोहिया भी मौजूद थे। अनिल कुमार ने कहा कि 123 संपतियों का मामला कोर्ट में चल रहा है जिसमें से बंगाली मार्केट की मस्जिद एक है बावजूद इसके बिना किसी नोटिस अथवा पूर्व सूचना के बुलडोजर चलाकर तोड़ना कोर्ट की अवमानना है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के अधीन दिल्ली वक्फ बोर्ड दिल्ली में मजार, मस्जिदों, मदरसों और अन्य मुस्लिम धार्मिक स्थलों की देखरेख के लिए गठित है परंतु अरविन्द केजरीवाल ने राजनीति के चलते बंगाली मार्केट की मस्जिद को तोड़ने जाने के विरोध में हस्तक्षेप नहीं किया।

# सांसद-विधायक ने किया विकास कार्य का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**



केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व विधायक नरेंद्र गुप्ता ने आज ओल्ड फरीदाबाद, शिव कॉलोनी, वार्ड नंबर 30, बाबा कॉलोनी की कई गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड बनाने के कार्य का शिलान्यास किया। जिसकी कुल लागत 67 लाख रुपये आएगी। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2014 से 2023 तक फरीदाबाद लोकसभा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जमकर विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2005 से 2014 तक कांग्रेस और यूपीए की सरकार थी, यदि इस दौरान फरीदाबाद लोकसभा के विकास कार्यों का हिसाब निकाला जाए तो कांग्रेस की सरकार कहीं नहीं टिकेगी। मोदी जी और मनोहर लाल के नेतृत्व में देश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। शहर के साथ-साथ पूरे देश का विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले फरीदाबाद में सड़कों, हाईवे, स्कूल व अस्पतालों की कैसी हालत थी लेकिन आज नई सड़कें बन रही हैं, हाईवे निकाले जा रहे हैं, बेटियों के लिए कॉलेज खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का ईमानदार नेतृत्व है, जो देश व प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2027 तक भारत जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा और देश में मोदी व मनोहर की जोड़ी ने विकास और सुशासन दिया है। विधायक नरेंद्र गुप्ता के कहा कि पिछले 9 सालों में देश और प्रदेश ने बहुत उन्नति की है और आने वाले सालों में भी बहुत से विकास कार्य किए जा रहे हैं ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का जीवन भी सुखद हो सके। हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में मौजूदा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र पर प्रदेश के हर क्षेत्र का समान विकास करवाने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश में हर व्यक्ति को उसके घर-द्वार पर ही सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए विभिन्न विभागों की योजनाओं व सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। हम तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ रहे है और हमारे देश में डिजिटल इंडिया की ताकत कोने-कोने में पहुंच रही है।

इस मौके पर निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, सुनील कुमार, रवि शर्मा, संजू चपराना, दीपक बैंसला, मनोज गिरधर, अकील अहमद, देवेंद्र चौधरी, विजय बिश्नोई, रवि डुडेजा, फहीम अहमद, जीत कुमार, पवन सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# 'अधिकारियों की लापरवाही के चलते फसलों के भुगतान के लिए दर-दर भटक रहा किसान'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**

अनाज मंडी में किसानों को फसल बेचने में आ रही परेशानियों के मद्देनजर पूर्व विधायक ललित नागर ने शनिवार को तिगांव अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं जानीं। इस दौरान मंडी में आए किसानों ने ललित नागर को बताया कि इस बार बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के चलते उनकी अधिकतर फसलें खराब हो गई है, जो बच गई है, उन्हें मंडियों में अधिकारी खरीदने में आनाकानी कर रहे है। उन्होंने बताया कि बारिश से गेहूं छोटा हो गया था, उसे निकालते है तो गेहूं का रंग बदल जाता है तो अधिकारी उसे दूसरी कैटेगरी में डालते है और नमी भी काटते है, जिससे उनके समक्ष भारी परेशानियां आ रही है। इसके अलावा यहां



समय पर तुलाई नहीं हो रही और जो तुलाई हो चुकी है, उसे बोरियां में भरा जाता है, मंडियों में इस समय हजारों लाखों बोरियां लगी पड़ी है परंतु वेयरहाऊस और एफसीसीआई दोनों ही विभागों ने माल उठाने से बिल्कुल हाथ उठा दिए है, अधिकारी कहते है, जब माल उठेगा दिल्ली पहुंचेगा, उसके 72 घण्टों बाद किसानों को भुगतान होगा, जिन किसानों की फसल की खरीद दो-तीन अप्रैल को हो गई थी, उनको भी अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। किसानों ने बताया कि भुगतान न मिलने के कारण किसी के घर में शादी है तो किसी को बच्चों का एडमिशन करवाना है, परंतु उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही।

## संक्षिप्त खबरें

### दुष्कर्म के आरोपी बेटे को संरक्षण देने पर एएसआई पिता गिरफ्तार, पद का दुरुपयोग भी किया

**फरीदाबाद :** महिला थाना सेंट्रल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी बेटे को संरक्षण देने व पद का दुरुपयोग कर पीड़िता के खिलाफ झूठा केस दर्ज कराने के आरोप में हरियाणा पुलिस के एएसआई को गिरफ्तार किया है। आरोपी एएसआई फिलहाल नूंह जिले में नगीना थाने में तैनात था। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया। दुष्कर्म के आरोपी बेटे को एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। गिरफ्तार एएसआई की पहचान सुरेंद्र रावत के रूप में हुई है। अक्तूबर 2022 में एसआई के बेटे प्रदीप रावत के खिलाफ सेंट्रल महिला थाना में केस दर्ज हुआ था। आरोपी एनआईटी तीन स्थित एक फिजियोथैरेपी सेंटर पर काम करता था। यहां कार्यरत युवती के साथ आरोपी ने सेक्टर 88 स्थित अपने मकान में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्जकर जांच शुरू कर दी। इसके बाद से आरोपी प्रदीप फरार चल रहा था। सेशन व हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद भी आरोपी पुलिस से बचकर छिपा रहा। पुलिस ने आरोपी पर दस हजार का इनाम घोषित कर दिया था। आरोप है एएसआई सुरेन्द्र ने पद का दुरुपयोग करते हुए एसजीएम नगर थाने में पीड़िता के खिलाफ हनी ट्रैप का मामला दर्ज करा दिया। अधिकारी स्तर की जांच में मामला झूठा पाया गया। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने एसीपी मोनिका देशवाल की अगुवाई में एसआईटी का गठन कर मामले की जांच करने के आदेश दिए। एसआईटी में महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता व क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर को शामिल किया गया। महिला थाना सेंट्रल थाना से इंस्पेक्टर गीता, एएसआई अजय व एएसआई सुमन ने 12 अप्रैल को आरोपी एएसआई सुरेन्द्र रावत को नूंह से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर दुष्कर्म के आरोपी बेटे प्रदीप को गिरफ्तार किया गया। एएसआई को अदालत ने जेल भेज दिया जबकि बेटे प्रदीप को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### हिसार : कैंट में फौजी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, आठ पर केस दर्ज

**हिसार।** यहां की सैनिक छावनी में झज्जर निवासी सेना के जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व सैनिक ने सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उसने रिश्तेदारों को मौत हा जिम्मेवार ठहराया है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर आठ लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। मृतक के भाई संजय कुमार ने शनिवार को सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह झज्जर का रहने वाला है और भाजपा में आईटी सेल में काम करता है। उसका बड़ा भाई दीपक आर्मी में क्लर्क के पद पर हिसार कैंट में तैनात था। हाल ही में उसका भाई छुट्टी पर घर आया था तो वह परेशान रहता था। जब परेशानी का कारण पूछा तो भाई दीपक ने बताया था कि सोमबीर, अन्नु, सतबीर, ओमी, सुमनलता व जितेंद्र, जोनी व लक्की को 70 लाख रुपए उधार दिए थे। वैसे वापिस मांगने पर उन्होंने देने से मना कर दिया और अब ये लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शिकायतकर्ता संजय के अनुसार इसी के चलते दीपक परेशान रहता था। हमारे परिवार वालों ने भाई दीपक को समझाया। छुट्टी खत्म होने पर वह 12 अप्रैल को वापस अपनी डयूटी पर हिसार कैंट में आ गया और 14 अप्रैल की रात को शिकायतकर्ता के पास कैंट से फोन आया कि उसके भाई दीपक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। दीपक ने सुसाइड नोट में लिखा है कि 'मै दीपक पुत्र राजकुमार गांव गुढा का निवासी हूं। जो कि पिछले एक महीने से अन्नु पुत्री सोमबीर, ओमी पत्नी सोमबीर, सोनू (सतबीर) पुत्र जागेराम, गांव दादरी के निवासी हैं और इनके साथ जोनी ( झज्जर), लक्की ( झज्जर) जितेन्द्र पुत्र बलवीर( गुढा), सुमनलता पत्नी जितेन्द्र के द्वारा मानसिक रूप से ह्रास किया जा रहा है। मुझे बार बार मारने की कहा जा रहा है, क्योंकि इन सभी लोगों ने उससे करीब 70 लाख रुपए लिये हुए हैं। अब मुझे ये सब मारने की कोशिश कर रहे हैं और बार-बार ये बोल रहे हैं कि अपने आप मर जा, इन सभी से दुखी होकर मैं जो भी कदम उठा रहा हूं उसके सभी जिम्मेदार ऊपर लिखे लोग हैं, जिस प्रकार ये मुझे परेशान कर रहे हैं, इन सभी से दुखी होकर मैं मरने जा रहा हूं। आप से आग्रह है कि इन पर जल्दी से कोई कार्यवाही की जाए, ताकि मेरे परिवार को और नुकसान ना करें-धन्यवाद आपका आज्ञाकारी दीपक।

### वकील से रिश्वत लेते निगम का क्लर्क रंगे हाथों पकड़ा

**फरीदाबाद।** प्राप्टर्री आईडी की खामियां दुरुस्त कराने के नाम पर नगर निगम में भवन स्वामियों से सुविधा शुल्क वसूली का खेल चल रहा है। शनिवार को एंटी करप्शन ने नगर निगम के एक क्लर्क को भवन स्वामी से चार हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए क्लर्क संजीव को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## स्वर्णकार समाज शिल्पकार समाज: रामचंद्र जांगडा

**जींद।** मैढ सुनार सभा द्वारा शनिवार को कर्मचारी-अधिकारी एवं समाज प्रतिनिधि मिलन एवं सम्मान समारोह स्थानीय सुनार धर्मशाला में सभा प्रधान सत्यनारायण वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा रहे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं समाज प्रतिनिधियो को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांसद रामचंद्र जांगडा ने सुनार धर्मशाला के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये अपने सांसद निधि कोष से देने की घोषणा की।

# जिले के वरिष्ठ पत्रकार भगवत दयाल कौशिक का आकस्मिक निधन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** एसजीएम नगर निवासी एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री भगवत दयाल कौशिक का शनिवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। परिजनों ने उन्हें शुक्रवार को बीपी लो होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां शनिवार सुबह करीब चार बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके आकस्किम निधन की सूचना से मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। पटेल चौक स्थित श्मशान स्थल पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें प्रदेश के परिवहन एवं उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा, बीजेपी के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा के पति एडवोकेट अश्विनी त्रिखा भाजपा नेता अनीता शर्मा समेत अन्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी और जिले के पत्रकार शामिल हुए।

जीवन परिचयः - 57 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार श्री भगवत दयाल कौशिक मूल रूप से कुरुक्षेत्र स्थित तहसील लाडवा के गांव सूरा के रहने वाले थे। श्री कौशिक करीब 35 साल पहले फरीदाबाद आए व फरीदाबाद को अपनी कर्मभूमि बना लिया। स्वर्गीय श्री भगवत दयाल कौशिक अपने परिवार जिसमें उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधु कौशिक, बेटी निहारिका, बेटा कार्तिक व सबसे छोटी बेटी




करुणा के साथ फरीदाबाद के एसजीएम नगर स्थित जी ब्लॉक में रह रहे थे। उन्होंने अपने जीवन काल में गुडगांव टुडे, मातृभूमि संदेश अखबार में काम किया और वह हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब में जिला महासचिव के पद पर कार्यरत थे। कॉविड की दूसरी लहर में वह अपना पत्रकारिता का धर्म निभाते हुए कार्य करते हुए कोरोना की जैसी घातक बीमारी की चपेट में आए परंतु अपने बुलंद होंसले के साथ कोविड जैसी बीमारी को मात देकर जीत हासिल की। 10 अप्रैल 2023 को उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई बाद में इलाज के बाद वह ठीक हो गए थे। शुक्रवार को अचानक श्री कौशिक का बीपी कम हो गया और शरीर ने काम करना बंद कर दिया उन्हें तत्काल फोर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनको वेंटिलेटर पर रखा गया। आज 15 अप्रैल प्रातः करीब 4 बजे उन्होंने अपनी आखिरी साँसे ली। जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार पटेल चौक के शमशान घाट पर किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए :- प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा, ने श्री कौशिक के निधन को मीडिया जगत की अपूर्णीय क्षति बताई। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री बी.डी कौशिक योग्य, सुशील और निष्पक्ष पत्रकारिता के पक्षधर थे। उन्होंने हमेशा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में योगदान दिया। उनका असमय जाना फरीदाबाद मीडिया के लिए बेहद दुख दाई है। मेरी ईश्वर से कामना है की इस कठिन परिस्थिति में उनके परिजनों को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें।

# बच्चियों के सामने उठाकर फेंक देता खाना, पेंचकस से हमला... अब बड़ी बेटी को लेकर फरार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** बेटियों को बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद थाना सूरजकुंड पुलिस ने चाइल्ड हेल्पलाइन की शिकायत पर पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी बड़ी बेटी को लेकर फरार है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य रविंदर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोशल मीडिया पर एक पिता द्वारा अपनी बेटियों को बेरहमी से पीटने का वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो



चाइल्ड हेल्पलाइन के पास पहुंचा तो उनकी टीम ने इसकी जांच की। इस दौरान पता चला कि बच्चियों को पीटने वाला आरोपी राजकिशोर है। वह सूरजकुंड के मेहथ्रू डेरा में रहता है। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम पुलिस को साथ लेकर उसके घर पहुंची। पुलिस को देख आरोपी बड़ी बेटी को लेकर फरार हो गया। उसकी पत्नी ने बताया कि उसकी तीन बेटियां हैं।

## हांसी रोड पर फाटक के पास गंदगी के ढेर में चार दिन से लगी है आग

**जींद।** पुराने हांसी रोड पर फाटक के पास लगे गंदगी के ढेरों में पिछले चार दिनों से आग भड़क रही है। आग से लगातार धुआं उठ रहा है और वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। जींद विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने कहा कि पिछले चार दिन से पुराने हांसी रोड पर फाटक के पास गंदगी के ढेर में आग लगी है। साथ ही चार दिन से ही धुआं भी उठ रहा है जिसके चलते आसपास के क्षेत्र के लोग पूरी तरह से प्रभावित हैं। धुंआ इतना उठ रहा है कि आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है, लेकिन प्रशासन ने अभी तक कोई उचित कदम नहीं उठाया है।

# एचआर राउंड टेबल के दूसरे संस्करण का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में शनिवार को स्कूल ऑफ लीडरशिप एंड मैनेजमेंट की ओर से एचआर राउंड टेबल के दूसरे संस्करण का आयोजन हुआ। "फ्रॉम द ग्रेट रेजिगनेशन टू द ग्रेट ले ऑफ एंटीडॉट फॉर सर्वाइवल विषय पर हुए इस कार्यक्रम में देशभर की विख्यात कंपनियों से प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप जलाकर की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महिंद्रा फर्स्ट च्वाइस व्हील्स लिमिटेड के चेयरमैन और एचआर राउंड टेबल के चेयरपर्सन राजीव दुबे ने कोविड काल के बाद उद्योगों में बदलते नैतिक मूल्यों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी जब खुद की क्षमताओं को चुनौती देते हुए बेहतर प्रयास करेंगे तभी कंपनियां आगे बढ़ सकती हैं। वहीं उन्होंने कंपनियों को कर्मचारी हित में नीतियां बनाने पर फोकस किया। बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए मैक्स इंडिया और अंतरा सीनियर केयर के मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ रजित मेहता ने कहा कि कोविड के बाद परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। उन्होंने कहा कि कंपनियों को आज कड़े नियम बनाकर कर्मचारियों पर दबाव बढ़ाने या उनकी मॉनिटरिंग करने की बजाय उन्हें प्रोत्साहित करने पर ध्यान देना होगा। साथ ही उन्होंने टॉप मैनेजमेंट को निचले कर्मचारियों से बात करने और उनकी समस्याओं का समाधान तलाशने की जररूत पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कुल चार सत्रों में पैनल चर्चा हुई जिसमें वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर विचार और सुझाव साझा किए। पहले सत्र में कर्मचारियों की प्राथमिकता विषय पर चर्चा हुई। इसमें टेक महिंद्रा के ग्लोबल सीपीए व हैड मार्केटिंग हर्षवेंद्र सेन, सीनियर वीपी कॉरपोरेट एचआर एंड बिजनेस एक्सीलेंस डीएस ग्रुप सिमिन अक्सारी, मारुति सुजुकी के सीएचआरओ कम वीपी (एचआर) सलिल लाल और यूएनओ महिंद्रा के कार्यक्रम के दौरान कुल चार सत्रों में पैनल चर्चा हुई।

# संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारियां जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** जिला में 16 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सीडीएस,एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं। आज शनिवार को सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में फाइल रिहर्सल का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स देकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम ने कहा कि



यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां सीडीएस,एनडीए व नेवल एकेडमी कक परीक्षाएं तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक, दूसरा चरण दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक व तीसरा चरण दोपहर 03 बजे से सांय 05 बजे तक होगा। वहीं एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा के लिए प्रथम चरण प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 2 बजे से सायं 4.30 बजे तक रखा गया है। फाइनल रिहर्सल में एसडीएम बडखल कम परीक्षा के नोडल अधिकारी पंकज सेतिया ने परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 16 अप्रैल को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# सरकार दिव्यांगजन की सेवा में निभा रही है अपना दायित्वः राज कुमार मक्कड़

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार दिव्यांगों के हितों को सुरक्षित रखते हुए सरकारी सेवाएं प्रदत्त करने में अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। वहीं प्रदेश के करीब 10 लाख दिव्यांग जनों को विभिन्न माध्यमों से लाभान्वित करने के लिए सरकार सजग है और जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं से दिव्यांग जनों को जोड़ा जा रहा है। हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त मक्कड़ आज शनिवार को शहर के डीएवी कॉलेज के सभागार में रेड क्रॉस सोसाइटी और नई उड़ान संस्था के तत्वावधान में आयोजित खुला दरबार लगाकर दिव्यांग जनों से सीधा संवाद कर रहे थे। राजकुमार मक्कड़ ने दिव्यांग जनों से रूबरू होते हुए उपस्थित दिव्यांग जनों को प्रेरित किया कि वे सकारात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ते हुए हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता को चुनौती के रूप में स्वीकार करके और पढ़ाई पर फोकस रखते हुए अन्य सामान्य जन के रूप में कार्य कर दिव्यांगजनों के लिए अनुकरणीय बनें। ऐसे अनेक उदाहरण समाज में हैं जिन्होंने दिव्यांगजन होते हुए अपनी कमी नहीं बल्कि अपने आत्मविश्वास के बलबूते दिव्यांग होने के बावजूद अनेक अनुकरणीय कार्य किए हैं।

**1968 टोल फ्री दिव्यांग जन की सुविधा के लिएः मक्कड़**

खुला दरबार में आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने बताया कि दिव्यांगजन 1968 टोल फ्री नंबर दिव्यांग जन की सुविधा के लिए शुरू किया गया है, ऐसे में किसी भी रूप से दिव्यांग जन अपनी समस्या अथवा शिकायतें उक्त टोल फ्री नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि समाज कल्याण कार्यालय में दिव्यांगजनों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए। आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि दिव्यांग होना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के प्रयास करने चाहिए और उनके साथ समानता और समरसता का व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को अपमानित करने या धमकाने जैसे मामले में आरोपी को जेल भी हो सकती है। केंद्र सरकार ने दिव्यांगों के अधिकार के प्रति संवेदनशील पहल की है। इसके मुताबिक अब दिव्यांग जनों को अपमानित करने, धमकी देने, पिटाई करने पर छह माह से पांच साल तक की सजा हो सकती है। राजपत्र में प्रकाशित दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 में इसे लेकर सख्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने जन सुनवाई के दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि सरकारी भवनों में दिव्यांगजनों के लिए रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस स्टेंड व बसों में दिव्यांगजनों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि विशेष बौद्धिक योग्यता वाले बच्चे सरकारी व गैर सरकारी स्कूल में एडमिशन ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों को सरकारी विद्यालयों में दाखिल करवाएं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे किन्हीं कारणवश स्कूल नहीं जा रहे सरकार की ओर से ऐसे बच्चों को 1950 रुपए दिए जा रहे हैं। वहीं प्रदेश में इस समय एक लाख दिव्यांगजन सरकार की पेंशन योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजनों को सरकार की ओर से 2750 रुपए मासिक पेंशन दी जा रही है। हरियाणा सरकार इस साल हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों से 2200 विशेष बच्चों को पर्यटन के लिए मनाली एडवेंचर कैंप में लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से 1380 नए स्पेशल टीचर के पद भरे जाएंगे। जबकि 700 स्पेशल टीचर पहले से कार्यरत हैं। हरियाणा सरकार की ओर से पदोन्नति में दिव्यांग जन को आरक्षण दिया जा रहा है।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 16 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' के माध्यम से मजलिस पार्क एसो. ने किया अन्न दान

## मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन की पूरी टीम ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, सभी ने शौर्य दिवस पर केक काटकर किया सेलिब्रेट


































**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। धीरे-धीरे आदर्श रसोई ने एक नया मुकाम स्थापित किया है। अब आदर्श रसोई का दूसरे वर्ष में भी प्रवेश हो चुका है।

### आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "**आदर्श रसोई**" ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### मजलिस पार्क वेलफेयर एसो.के सदस्यों ने विधिवत रूप से किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। इसके उपरांत पदाधिकारियों ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों का भव्य अभिनंदन किया गया। सभी ने अपने-अपने विचार भी रखे। हर रविवार को राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक होता है। आदर्श रसोई कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### क्या बोले प्रधान सुभाष दीक्षित

इस विशेष मौके पर मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष दीक्षित ने राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई के रविवारीय कार्यक्रम को एक वर्ष पूर्ण होने को एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताया। ज्ञात रहे कि सुभाष दीक्षित आदर्श रसोई के संरक्षक भी हैं। आरसी वर्ष पूरे होने पर दीक्षित जी ने बधाई दी और सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। सुभाष दीक्षित ने कहा कि आदर्श रसोई निरंतर और नियमित रूप से राकेश भारद्वाज चौक पर निस्वार्थ रूप से विशेष रविवारीय कार्यक्रम का बड़े ही नायाब ढंग से आयोजन करती है, जिसके सभी कायल हैं। सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से अभिंदन करता हूं। यह आदर्श रसोई के संयुक्त प्रयास से ही सफल हो पाया है। आदर्श रसोई आज समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर चुकी है। आज आदर्श रसोई अगर इस मुकाम पर पहुंची है तो इसका सारा श्रेय पूरी टीम को जाता है, जो पिछले एक वर्ष से निरंतर व नियमित रूप से आदर्श रसोई को विशेष, भव्य और रोचक बनाने के लिए प्रयासरत रही। सुभाष दीक्षित गर्ग ने कहा कि आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं। सुभाष दीक्षित पुण्य आत्मा श्रद्धेय, हर दिल अजीज, राकेश भारद्वाज जी को याद कर भावुक हो उठे। सुभाष दीक्षित ने कहा कि राकेश भारद्वाज जी का आज हमारे बीच न होना बहुत दुखद है। सच्चे दोस्त, जिंदादिली इंसान और समाज के प्रति कर गुजरने की सोच उनको हम सबसे अलग बनाती थी। जो कुछ राकेश भारद्वाज जी ठान लेते थे उसको अमलीजामा पहनाकर ही दम लेते थे। आदर्श रसोई की नींव भी उन्हीं के सोच का नतीजा है। राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है। टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### आदर्श रसोई के माध्यम से श्रद्धेय राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के बीच ज़िंदा है : आईएस बंसल

मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव आईएस बंसल ने कहा कि आदर्श रसोई समाजसेवा के क्षेत्र में उम्दा कार्य कर रही है, जिसकी कोई सानी नहीं है और आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारी प्रशंसा के पात्र हैं। मैं सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं। यह सबके सहयोग, निःस्वार्थ रूप से समपर्ण की भावना से ही संभव हो पाया है। आदर्श रसोई की नींव हर दिल अजीज और सुरेंद्र चोपड़ा जी ने संयुक्त रूप से रखी थी। लक्ष्य था निःस्वार्थ रूप से जरूरतमंदों की सेवा करते हुए भरपेट भोजन कराना। राकेश भारद्वाज जी के आदर्शों पर चलते हुए राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का निरंतर रूप से आयोजन हो रहा है। इसके लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई व अभिनंदन। अभी रूकना नहीं है, थकना नहीं है, इस मुहिम को हम सभी को आगे लेकर जाना है।

### संयुक्त प्रयास से आदर्श रसोई दूसरे वर्ष में भी स्थापित करेगी नए आयाम: नीरज कूपर

मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नीरज कपूर ने कहा कि आज आदर्श रसोई के कार्यों से खुश होकर लोग खुद आगे आकर रसोई का हिस्सा बन रहे। हर कोई नेक नीयत से किए गए कार्यों का हिस्सा बनना चाहता है। आदर्श रसोई के पदाधिकारियों का अभिनंदन जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से आदर्श रसोई का आयोजन कर रहे और जरूरतमंदों का भरपेट भोजन करा रहे।

### संयुक्त प्रयास से आदर्श रसोई दूसरे वर्ष में भी स्थापित करेगी नए आयाम: सुरेंद्र चौधरी

मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक सुरेंदर चौधरी ने कहा कि आदर्श रसोई समाजसेवा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित कर चुक है। आदर्श रसोई निस्वार्थ रूप से जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में भरपेज भोजन खिला रही जो काबिलेतारीफ है। हम जैसे लोगों को भी आदर्श रसोई के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली


आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।



आदर्श रसोई ने पिछले 43 रविवार से परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रही हैं। इस तरह के कार्यक्रम की आज समाज को जरूरत है और हम सभी को ऐसे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। **–सुभाष दीक्षित, अध्यक्ष, मजलिस पार्क वेलफेयर एसो.**



आदर्श रसोई समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम दिन–रात मेहनत कर रही है। हर कोई अपने योगदान देना चाहता है। हर कोई आदर्श रसोई के कार्यक्रम में अपना योगदान देना चाहता है। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयो से अभिनंदन करता हूं। **– आईएस बंसल, महासचिव**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन–रात एक की हुई है। **–नीरज कपूर, कोषाध्यक्ष**



सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। साथ ही इस लक्ष्य को हासिल करने में स ंस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। आज आदर्श रसोई के कार्यों से खुश होकर लोग खुद आगे आकर रसोई का हिस्सा बन रहे। हर कोई नेक नीयत से किए गए कार्यों का हिस्सा बनना चाहता है। **– सुरेंद्र चौधरी, संयोजक**



आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। आदर्श रसोई की पूरी टीम नि:स्वार्थ भाव से सेवाभाव के इस कार्यक्रम में अपना योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन **–मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**



आदर्श रसोई की नींव निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लक्ष्य को रखकर रखीं गई थी, यहीं कारण है कि आज भारी संख्या में लोग आदर्श रसोई से जुड़ रहे हैं। आदर्श रसोई की पूरी टीम मेहनत व शिद्दत से आदर्श रसोई के रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करते हैं। पूरी टीम का हार्दिक अभिनंदन। सुरेंद्र चोपड़ा













